दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 07:14 ए एम
सूर्यास्तः 05:37 पी एम
तिथिः एकादशी - 10:01 पी एम तक
नक्षत्रः कृत्तिका - 04:26 पी एम तक
योगः शुभ - 07:07 ए एम, जनवरी 04 तक
करणः बव - 09:09 ए एम तक
द्वितीय करणः बालव - 10:01 पी एम तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः बुधवार

हिन्दी दैनिक

# झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 3 • अंक 12 • पृष्ठ 8 • दुमका, बुधवार 4 जनवरी 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com









## भारतीय विज्ञान कांग्रेस

# स्टार्टअप्स के मामले में भारत टॉप 3 देशों में शामिलः पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

साइंस कांग्रेस शुरू हो गया है। 108वें साइंस कांग्रेस को औपचारिक रूप से शुरू करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि आज अपना देश भारत स्टार्टअप्स के मामले में शीर्ष 3 देशों में शामिल है. पीएम मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये साइंस कांग्रेस में शामिल होते हुए कहा, 'स्टार्टअप्स के मामले में भारत आज टॉप 3 देशों में शामिल है. ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में साल 2015 तक भारत 130 देशों की सूची में 81वें स्थान पर था, लेकिन वर्ष 2022 में हमलोग 40वें स्थान पर पहुंच चुके हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस की थीम भी एक ऐसा विषय है जिसकी दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। दुनिया का भविष्य सस्टेनेबल डेवलमेंट के साथ ही सुरक्षित है। आपने सस्टेनेबल डेवलमेंट के विषय को महिला सशक्तिकरण के साथ जोड़ा है। आज देश की सोच केवल यह नहीं है कि साइंस के ज़रिए महिला सशक्तिकरण हो, बल्कि महिलाओं की भागीदारी से साइंस का भी सशक्तिकरण करें। साइंस और रिसर्च को नई गति दें, यह हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, अभी भारत को जी-20 अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिली है। जी-20 के प्रमुख विषयों में भी वुमन लीड डेवलपमेंट एक बड़ी प्राथमिकता का विषय है।

### 8 साल में असाधारण काम हुए'

» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइंस कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास में वैज्ञानिकों की भूमिका काफी अहम है. पिछले 8 साल में कई असाधारण काम हुए हैं. भारत साइंस के क्षेत्र में तेजी से दुनिया के टॉप देशों में शामिल हो रहा है. उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित हो रहा है. पीएम मोदी ने कहा, 'आज का भारत जिस साइंटिफिक अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है, हम उसके नतीजे भी देख रहे हैं. साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व के टॉप देशों में शामिल हो रहा है. साल 2015 तक हम 130 देशों की वैश्विक नवाचार सूचकांक में 81वें नंबर पर थे और 2022 में हम 40वें नंबर पर पहुंच गए हैं।'

### ● लैब से निकलकर जमीन तक पहुंचें प्रयास

पीएम मोदी ने कहा, विज्ञान के प्रयास बड़ी उपलब्धियों में तभी बदल सकते हैं, जब वो लैब से निकलकर लैंड (जमीन) तक पहुंचे। जब उसका प्रभाव ग्लोबल से लोकर ग्रासरूट तक हो, जब उसका विस्तार जर्नल्स से लेकर जमीन तक हो। जब उससे बदलाव रिसर्च से होते हुए रियल लाइफ में दिखने लगे। उन्होंने कहा, भारत की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, भारत में विज्ञान का विकास, हमारे वैज्ञानिक समुदाय की मूल प्रेरणा होनी चाहिए।



# वंदे भारत पर पथराव, भाजपा ने मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की

**मालदा/एजेंसी।** हावड़ा और न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाए जाने के कुछ दिन बाद ही उस पर मालदा जिले में पथराव किया गया। भाजपा ने मामले की जांच एनआईए द्वारा कराए जाने की मांग की है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मालदा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर कुमारगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पर पथराव किया गया। इस घटना में 22303 वंदे भारत एक्सप्रेस के डिब्बा संख्या सी–13 का शीशा टूट गया है। कुमारगंज क्षेत्र पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एफएफआर) के कटिहार डिवीज़न के अधिकार क्षेत्र में आता है। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार को शाम करीब पांच बजकर 10 मिनट पर हुई और ट्रेन को बीच रास्ते में नहीं रोका गया।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# किसी मंत्री के बयान पर सरकार नहीं, खुद मंत्री ही जिम्मेदार

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों के कुछ भी बोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है. इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत निर्धारित प्रतिबंधों के अलावा कोई भी अतिरिक्त प्रतिबंध भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत नागरिक पर नहीं लगाया जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान के लिए सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। लाइव लॉ के अनुसार इस मामले पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि हमारे जैसे देश के लिए जो एक संसदीय लोकतंत्र है, एक स्वस्थ लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए बोलने की स्वतंत्रता एक आवश्यक अधिकार है. साथ ही देश में नागरिकों को अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जाती है।








## संक्षिप्त समाचार

### सिनेमा हॉल में बिकते रहेंगे महंगे पॉपकॉर्न-समोसे

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सिनेमा हॉल मालिक हॉल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री के नियम तय करने के लिए पूरी तरह हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह बात कही। सीजेआई ने कहा, 'सिनेमा देखने वालों के पास इन आइटम को न खरीदने का विकल्प है। कोर्ट ने ये भी दोहराया कि सिनेमाघरों को बिना किसी शुल्क के पेयजल उपलब्ध कराना जारी रखना होगा।

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

61,294.20+126.41 (0.21%)

**निफ्टी**

18,232.55+35.10 (0.19%)

# भारत में लगातार दूसरे हफ्ते कोविड मामलों में इजाफा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



लगातार दूसरे सप्ताह भारत में कोविड -19 मामलों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है, हालांकि संख्या के लिहाज से यह बहुत कम रही। इसलिए फिलहाल चिंता की बात नजर नहीं आ रही। रविवार को समाप्त सप्ताह में, देश में कोरोना वायरस के कुल 1,526 नए मामले दर्ज किए गए, जो पिछले सप्ताह (25 दिसंबर) के 1,219 के मुकाबले 25% अधिक है। इस बीच, मार्च 2020 के बाद पहली बार, इस सप्ताह (26 दिसंबर-1 जनवरी) के दौरान कोविड से होने वाली मौतों की संख्या घटकर छह पर आ गई। 16 से 22 मार्च, 2020 में शून्य मौतों के बाद से यह सबसे कम साप्ताहिक आंकड़ा है, जबकि पिछले से पिछले सप्ताह (19-25 दिसंबर) में कोरोना संक्रमण से 16 मौतें दर्ज की गई थीं। कर्नाटक में कोविड मालों में इजाफे स्पाइक के संकेत थे, जहां संक्रमण के नए मामले पिछले सप्ताह के 116 से बढ़कर 276 हो गए है। देश में कहीं भी कोरोन के तेज वृद्धि की सूचना नहीं मिली, हालांकि कुछ राज्यों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। केरल में पिछले सप्ताह 416 मामले थे, जो इस बार बढ़कर 467 पर पहुंच गया।







## संक्षिप्त समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आउटसोर्सिंग कर्मियों को नहीं मिला है 5 माह से मानदेय



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रानीश्वर मे जिला परिषद के सदस्य बिमान सिंह ने मंगलवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार प्रीतम दत्त से भेंट कर यहां कार्यरत आउट सोर्सिंग कर्मियों का मानदेय भुगतान एवं अन्य समस्याओं को लेकर वार्ता किया है ।बताया है कि दस साल से कार्यरत यहां के आउट सोर्सिंग सफाई कर्मियों को पांच महीना से एनजीओ के द्वारा मानदेय भुगतान नहीं किया है ।साथ ही पैसा एवं पैरवी के बल पर नये कर्मियों को योगदान करा रहा है । बिमान ने बुधवार सिविल सर्जन से मिलकर इस मुद्दे पर वार्ता करेगा ।

### प्रणवानंद विद्या मंदिर पाथरा में वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** भारत सेवाश्रम संघ स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर पाथरा में वनभोज सह वार्षिक मिलन का आयोजन झुमरी नदी के तट पर किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अभिनन्दन मुर्मू,जयदेव दे,रुपलाल बास्की,सुकमोहन हेमब्रम,चैतन कारोवा,बोध बोदरा,रणजीत राउत, सागुन हांसदा,परमीता दत्त,प्रशांत कुमार मुर्मू,अरिजीत प्रमानिक,दीबू सोरेन,मेडिकल टीम बुद्धदेब गाँगुली, पानमोनी माझी,संगीता बास्की, निर्मला मुर्मू,सुजाता हांसदा, देवाशीष राय,बिद्या मंदिर के छात्र व समस्त कर्मचारी पिकनिक में शामिल हुए।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई बैठक



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार,दुमका के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा और सचिव विश्वनाथ भगत ने 11 फरबरी को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए वन विभाग,माप तौल विभाग, उत्पाद विभाग, खनन विभाग, बिजली विभाग, परिवहन विभाग , नगर पालिका के पदाधिकारियों तथा अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए उन्हें सहयोग करने का निर्देश दिए साथ ही यह भी कहे कि उनके विभागों से संबंधित जो भी मामले या तो उनके विभाग में या न्यायालय में लंबित हैं उसे सुलह समझौते के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा कर समय और खर्च से बचने के लिए कहा। लंबित समझौता योग्य वादों में पक्षकारों को नोटिस भेज कर केस समाप्त करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

### प्रशिक्षु आईएएस ने किया औचक निरीक्षण

# स्वास्थ्य केन्द्र के अनियमतता अनुपस्थित पर एएनएम और सीएचओ को कारण बताओ नोटिस

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** प्रशिक्षु आईएएस -सह-सहायक समाहर्त्ता सन्नी राज तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुमका राजेश कुमार सिन्हा ने सदर प्रखण्ड अन्तर्गत बड़तल्ली पंचायत स्थित स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र गान्दो का मंगलवार को निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में अनियमितताए पायी गयी। स्वास्थ्य केन्द्र में एक सीएचओ और तीन एएनएम प्रतिनियुक्त है, जिसमें से दो एएनएम ही केन्द्र में उपस्थित पायी गयी । अन्य दो अनाधिकृत रूप से केन्द्र से अनुपस्थित पायी गयी। 2 जनवरी को सीएचओ और कोई भी एएनएम स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित नहीं थी। ओपीडी रजिस्ट्रर को देखने से यह ज्ञात हुआ कि 2 जनवरी को तीन मरीज को स्वास्थ्य केन्द्र में देखा गया था और देखने के उपरान्त दवाई भी मरीजो को उपलब्ध कराया गया था। इस संबंध में जब उपस्थित एएनएम पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत सफाई कर्मचारी जोबाती हाँसदा की पति ढेना मुर्मू द्वारा मरीजों को देखा गया और देखने के उपरान्त उनके द्वारा ही दवाई दिया गया तथा ओपीडी रजिस्ट्रर में भी मरीजों का नाम अंकित किया गया। यह भी पता चला कि सफाई कर्मचारी के पति ढेना मुर्मू किसी भी पद पर स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत नहीं है और न ही उनको किसी प्रकार का मानदेय प्राप्त होता है। कल मरीजों को देखने और दवाई देने संबंधी मामले को ढेना मुर्मू द्वारा स्वीकार भी किया गया। दवाई की भंडार पंजी के अवलोकन से यह पता चला कि प्रेग्नेंसी टेस्ट किट दिनांक 05.04.2022 को 550 और दिनांक 08.07.2022 को 150 किट स्वास्थ्य केन्द्र को प्राप्त हुआ है और मई 2022 से लेकर अभी तक कुल 57 किट लाभार्थियों को बाटा गया है, पर जब अवशेष किट दिखाने को कहा गया तो उपस्थित ए०एन०एम० रीना फ्लोरा मुर्मू और पारोजीनी मराण्डी द्वारा लगभग -400 किट ही दिखाया गया। शेष किट के बारे में कड़ाई से पुछताछ करने पर ए०एन०एम० रीना फ्लोरा मुर्मू द्वारा बताया गया कि बाकी किट उनके घर में है और कुछ दवाईयाँ भी घर में रखा गया है।जब स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक के बारे में उपस्थित ए०एन०एम० से पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक महीना में दो-तीन बार ही स्वास्थ्य केन्द्र में आते है। निरीक्षण के दौरान यह भी मामला सामने आया कि प्रतिनियुक्त ए०एन०एम० सुशीला मुर्मू, दिनांक 23.12.2022 से आज तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है । दो ए०एन०एम० रीना फ्लोरा मुर्मू और पारोजीनी मराण्डी दिनांक 22.12.2022 से 02.01.2023 तक लगातार दस दिन आकस्मिक अवकाश पर थी जो कि झारखण्ड सेवा संहिता के अनुसार नियम संगत नहीं है। इस संबंध में पुछने पर ए०एन०एम० द्वारा बताया गया कि प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका द्वारा अवकाश स्वीकृत किया गया था। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में संधारित किये जा रहे विभिन्न प्रकार के पंजी के पृष्ठ भी सत्यापित नहीं पाया गया। यहाँ तक कि पी०एम० केयर्स का नया ऑक्सीजन का मशीन बेकार अवस्था में पड़ा हुआ है। स्वास्थ्य केन्द्र के अनियमतताओं तथा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित के संबंध में सभी ए०एन०एम० और सी०एच०ओ० को कारण पृच्छा किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र की विस्तृत प्रतिवेदन सिविल सर्जन दुमका को भी भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग अपहरण के 6 दिन बीतने के बाबजूद पुलिस मौण, विरोध में ग्रामीणों ने थाना का किया घेराव

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चितबेसरा गांव से एक नाबालिग को डुमरजोर गांव के युवक अमित सिरहा द्वारा विगत 26 दिसंबर को अपहरण करने मामले में पुलिस ने किसी प्रकार कार्यवाही नहीं करने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को थाना का धेराव कर विरोध जताया। पिडीत के परिजनों द्वारा 29 दिसंबर को पुलिस को दिये गये आवेदन पर बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के डुमरजोर गांव के अमित सिरहा नाबालिग को अपरहण कर फरार हो गया है।अपने आवेदन पर पीड़ित परिजनों ने पुलिस को बताया कि इस घटना से उसे समाज में लज्जित होना पड़ रहा है ।मान सम्मान में ठेस पहुंच रहा है जिसके कारण पीड़ित परिजनों ने यह भी पुलिस से कहा है कि अगर नाबालिग को पुलिस जल्द बरामद नहीं करती है तो परिजन आत्महत्या कर लेंगे।वहीं थाना त घेराव के दौरान थाना प्रभारी दुमका क्राइम मीटिंग में रहने के कारण थाना के मुंशी दीपक कुमार महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने पर भीड़ उग्र हो गये। मुंशी ने महिलाओं से कहा कि अपनी बेटी को घर में ठीक से रखना चाहिए ।थाना में बेवजह भीड़ करने से कुछ होने वाला नहीं है ।जिसके कारण लोग आक्रोशित होकर थाना प्रभारी से मुंशी दीपक कुमार को हटाने तथा महिलाओं से माफी मांगने के लिए हंगामा करने लगे।बाद में दुमका से लौटकर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने लोगों को आश्वासन दिया कि लड़की के अपहरण मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है और जल्द ही आरोपी युवक पुलिस के गिरफ्त में होगा और बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने यह भी बताया की महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने वाले मुंशी दीपक कुमार के खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा।थाना प्रभारी ने के इस आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। बहरहाल पुलिस इस मामले में छानबीन शुरू कर दिया है।

## सावित्रीबाई फुले एवं जयपाल मुंडा के अवतरण दिवस पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** दो महानविभुतियों का अवतरण दिवस पर मंगलवार को एक जिसने समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठा कर छुआछूत और महिलाओं को शिक्षा प्राप्त होने का अवसर मिलें इसके लिए संघर्ष करते हुए इस मुहिम में सफलता प्राप्त की, जिन्हें आज हम देश की प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में जानते हैं सावित्रीबाई फुले तथा दुसरे भारतीय आदिवासीयों और झारखंड आन्दोलन ×के सर्वोच्च नेता,सर्वसाधारण के प्रेरणा स्वरूप,महान हांकी खिलाड़ी जो 1925 में 'आँक्सफोर्ड ब्लू' का खिताब पाने वाले हांकी के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनकी कप्तानी मे 1928 के ओलंपिक में भारत को प्रथम स्वर्ण पदक मिला, राजनीतिज्ञ पत्रकार लेखक संपादक शिक्षाविद जयपाल सिंह मुंडा को दुमका के सरदार पटेल चौक में सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल पर उपरोक्त दोनों महान विभूतियों के तैल्यचित्र पर संदीप कुमार जय बमबम के नेतृत्व में माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद महेश राम चंद्रवंशी,विजय कुमार सोनी,विनोद कुमार सिंह,चंदन कुमार,निलेश कुमार झा मिंटु,अंकित केशरी के अलावा काफी संख्या में छात्राएं और महिलाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया और इन महान विभूतियों के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला।

# प्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे जतिन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** 17 वीं प्रवासी भारतीय दिवस 8 जनवरी 10 जनवरी 2023 के अवसर पर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में युवा प्रवासी भारतीय दिवस संस्थान के द्वारा मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में दुमका झारखंड के राष्ट्रपति से सम्मानित एनएसएस स्वयंसेवक जतिन कुमार झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे कार्यक्रम का थीम प्रवासी अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार रखा गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गोआना के राष्ट्रपति शामिल होंगे उसके साथ ही साथ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूरे भारत से 50 एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन किया गया है कार्यक्रम में भारतीय युवाओं के साथ-साथ 11 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्य भी शामिल होंगे जिसमें मुख्य रुप से गुआना के राष्ट्रपति और उनके 30 मेंबर सूरीनाम के राष्ट्रपति गबन के प्रधानमंत्री बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री पनामा के विदेश मंत्री परिषद के पांच मंत्री अमेरिका जापान इजराइल कनाडा के काउंसलर जनरल घना मलावी के हाई कमिश्नर थाईलैंड सिंगापुर के वा- इस काउंसलिंग के आने की उम्मीद है। कार्यक्रम में जतिन कुमार को भारत सरकार के द्वारा आमंत्रित किया गया है साथ ही साथ राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जो 12 जनवरी से 16 जनवरी कर्नाटक में होने कार्यक्रम में भाग लेंगे भारत के विभिन्न राज्य से चयनित स्वयंसेवक पहुंचकर अपना कला का प्रदर्शित करते हैं जतिन कुमार के चयन पर मुख्य रूप से बधाई देने में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख दुमका सांसद सुनील सोरेन,विधायक बसंत सोरेन,पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, एसकेएमयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सोना झरिया मिंज प्रति कुलपति डॉ विमल सिंह, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह डॉ जय कुमार साह, डॉ विनय कुमार डॉक्टर शंभू सिंह एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर धनंजय मिश्रा,दुमका जिला खेल अधिकारी तूफान पोदार डॉ विनोद शर्मा , डॉक्टर एसल बोंडिया,डॉ शमशेर तबरेज अली,अजय शुक्ला नगर परिषद अध्यक्ष विधानसभा उपाध्यक्ष विनोद लाल सहित राजेंद्र प्रसाद साह प्रमिला देवी,नरेंद्र कुमार गुप्ता दीपा भारती,डॉक्टर पूजा गुप्ता,प्रीति प्रिया,प्रीति किरण, खुशबू कुमारी,अभिषेक रंजन, संजय पाल,दीपक राय सभी लोगों ने बधाइयां दी।

# धान लदा ट्रक और कार के बीच जोरदार भिड़ंत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गढ़ियापानी फुटबॉल मैदान के पास दुमका-साहेबगंज मुख्य मार्ग पर आज मंगलवार की सुबह धान लदा ट्रक और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हालांकि दुर्घटना में किसी की कोई हताहत की सूचना नहीं है। कार मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि वह अपने ड्राइवर आशीष कुमार के साथ साहेबगंज से जामताड़ा जा रहे थे जामताड़ा जाने के क्रम में थाना क्षेत्र के गढ़ियापानी फुटबॉल के पास तीखा मोड़ पर दुमका तरफ से आ रही धान लदा ट्रक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि कार की आगे का हिस्सा बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक के चालक और उपचालक ट्रक छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर गोपीकांदर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को कब्जे में लिया है। बता दें कि इस दुर्घटना में ट्रक के टनारड और पीछे का पत्ती टूट जाने से ट्रक पूरी तरह से जाम हो गई। जिस कारण बीच रोड पर ही ट्रक खड़ा हुआ है।

# डीसी ने लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, सिंचाई कुप निर्माण

## वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का पूर्ण करने का दिया निर्देश

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़** । समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त वरूण रंजन ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की क्रमवार समीक्षा की। उपायुक्त वरूण रंजन ने मनरेगा और पीएम आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रखंडवार पूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त ने पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-22 तक में प्राप्त लक्ष्य, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कई दिशा निर्देश दिये सभी विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय



स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने मनरेगा की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पायुक्त ने ऐसे योजनाएं जिनके कार्य प्रगति धीमी पाई गई उनमे सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश दिया।आगे, उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा। कहा कि इसकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा

**● आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया**

करें। मौके पर उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी रचना निश्चल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, श्रम अधीक्षक रमेश प्रसाद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन, भक्ति में भाव विभोर हुए भक्ति



**पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में काशी वाराणसी के सुप्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडली के तत्वाधान में ग्यारह दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन में पहुंच कर लोग इन दिनों भक्ति भाव में विभोर होकर भक्ति रस का खूब पान कर रहे हैं। विगत 29 दिसंबर से प्रारंभ हुई इस कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रतिदिन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ रामलीला की ओर रुख कर जाती है। रामलीला महोत्सव के पांचवें रोज सोमवार संध्या में कलाकारों ने धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण विवाद, नवरत्न झांकी लीला का मंचन किया। जनकपुर धाम में राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में राम ने शिव धनुष तोड़ा और रामसीता विवाह संपन्न हुई। शिव धनुष टूटने की टंकार सुनकर परशुराम आए तो लक्ष्मण का उनसे विवाद हो गया।रामलीला का मंचन सोमवार को राजा जनक के धनुष यज्ञ से शुरू हुआ। इस पर प्रभु श्री राम धनुष को तोड़ देते हैं और सीताजी उनके गले में जयमाला डाल देती हैं। इसी बीच परशुराम आते हैं तो लक्ष्मण से उनका विवाद हो जाता है। देर रात तक दर्शकों ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद को सुना। इसके पूर्व यहां कलाकारों ने दशरथ पुत्र यष्ठी यज्ञ, राम जन्म, बाल लीला आदि कथाओं का मंचन कर सर्धालुओ को मंत्रमुग्ध किया। रामलीला महोत्सव के संचालक पंडित श्रीकांत जी महाराज ने बताया कि सनातन हिंदू धर्म प्रचार एवं धर्म जागरण के परम उद्देश्य से रामलीला महोत्सव का आयोजन पाकुड़िया दुर्गा मंदिर में चल रहा है जिसका समापन 8 जनवरी को होगा ।

### पुलिस ने चार बालू लोड ट्रैक्टर को किया जप्त

**हिरणपुर (पाकुड़) । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । हिरणपुर थाना क्षेत्र पैनम रोड से बिना माइनिंग चालान के 4 बालू लोड ट्रैक्टर को हिरणपुर पुलिस ने किया जब्त थाना लाए। जानकारी के अनुसार हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिणडूबा के पास से तीन ट्रैक्टर बिना चालान का और वन पोखरिया रोड से एक ट्रैक्टर बालू लदा बिना चालान के ट्रैक्टर को हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मींज ने जब्त कर हिरणपुर थाना लाया। यह उल्लेखनीय है कि इन दिनों रात के अंधेरे में ही नहीं दिन के उजाले में भी 6:00 बजे के बाद से सेकडों बिना चालान और बिना नंबर के ट्रैक्टर के द्वारा परिवहन महेशपुर अमड़ापाड़ा से



उठाकर हिरणपुर के रास्ते से बंगाल की ओर जाती है, चर्चा तो यह भी है कि उक्त बालू ट्रैक्टरों से रानीपुर मोड़ के समीप पति ट्रैक्टर अवैध वसूली कुछ लोगों के द्वारा किया जाता है।

हालांकि पकड़े गए ट्रैक्टरों पर समाचार भेजे जाने तक मामला दर्ज की प्रक्रिया चल रही थी।

### बढ़ते ठंड को देखते हुए अंचल एवं पुलिस प्रशासन की ओर से की गई अलाव की व्यवस्था

**हनवारा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । नए साल का आगमन होते ही ठंड अपना भयानक रूप दिखा रहा है। नव वर्ष के पहले दिन लोगों को भगवान भास्कर का दर्शन जहां दोपहर बाद हो पाया था, वहीं दूसरे दिन कुहासा एवं बादलों के कारण भगवान भास्कर का दर्शन तक नहीं हो सका। तीसरे दिन भी स्थित जस की तस बनी रही। हालांकि तीसरे दिन दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन हवा के कारण ठंड की कनकनी से लोग परेशान रहे। सूर्य देव के दर्शन नहीं होने से एकाएक कनकनी, कुहासा और कड़ाके की ठंड ने दस्तक देकर लोगों को रजाई में दुबकने के लिए मजबूर कर दिया। लोग जहां इस बार 31 दिसम्बर तक ठंड को हल्के में ले रहे था, लेकिन नव वर्ष के शुभारंभ के साथ ही ठंड अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। नव वर्ष के पहले दिन ही लोगों को ठंड ने अपनी औकात दिखा दिया। लोग गरम कपड़े और आग को ढूंढने लगे। ऐसे में एकाएक बढ़ी कड़ाके की ठंड को देखते हुए महागामा अंचलाधिकारी रंजन यादव के निर्देश पर हनवारा थाना प्रभारी रौशन कुमार की अगुवाई में दैनिक यात्रियों, रिक्शा, ठेला,टेंपू चालकों और गरीब असहाय लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए हनवारा क्षेत्र के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कर लोगों को राहत प्रदान करने का काम किया। ग्रामीण पुलिस प्रकाश पासवान के द्वारा चौक चौराहे पर कोयला गिराया गया है।

अंचलाधिकारी रंजन यादव ने कहा कि हनवारा के मिल्की चौक, शहजादपुर चौक, खैराटीकर आदि जगहों पर अलाव व्यवस्था की गई है।

## डीबीएल के अधिकारी ने डीबीएल कंपनी के ही सुरक्षा अधिकारी पर कराई प्राथमिकी दर्ज

**सुरक्षा अधिकारी जेपी राय एवं जीएम राधारमण राय अवैध तरीके से पैसों की मांग करते थे:- धनंजय कु. झा**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)


**पाकुड़** । जिले के अमड़ापाड़ा पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के डीबीएल के अधिकारी ने कंपनी के सुरक्षा अधिकारी जेपी राय के विरुद्ध आमडापाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीबीएल के एबीपी धनंजय झा ने सुरक्षा अधिकारी जेपी राय एवं जीएम राधारमण राय के ऊपर गाली गलौज और अवैध पैसों की मांग को लेकर आरोप लगाते हुए आमडापाड़ा थाना मे प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

**● क्या है मामला**

डीबीएल कंपनी के एबीपी धनंजय झा के लिखित आवेदन के अनुसार बीते 26 दिसंबर शाम 6 बजे डीबीएल कंपनी के जीएम राधारमन राय के निर्देश पर इनके अधीन डीबीएल कंपनी के सुरक्षा अधिकारी जेपी राय मेरे कार्यालय में अपराधिक रूप से घुस कर धमकी देने लगे एवं बिना काम किए बंद अवधी का एवं अन्य अवैध पैसों का मांग करने लगे उक्त अवैध पैसों की मांग करने के समय जीपी राय पूर्णनियोजित तरीके से वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगे तथा उत्तेजित भाषा का प्रयोग कर हम लोगों से अवांछित स्टेटमेंट प्राप्त करने का प्रयास करने लगे एवं हम लोगों का बातचीत का वीडियो बनाकर बातों को तोड़ मरोड़ कर कंपनी की हेड ऑफिस भोपाल में भेज कर मुझे बदनाम कर मेरा सेवा पर विपरीत प्रभाव डालते हुए मेरी गरिमा एवं प्रतिष्ठा को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। जिसको लेकर अमड़ापाड़ा थाना में डीबीएल कंपनी के एबीपी धनंजय झा ने जेपी राय के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**दुमका । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जयंती जो 12 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय युवा दिवस एक उत्सव के रूप में मनाने हेतु ऑनलाइन आवासीय बैठक झारखंड बिहार के क्षेत्रीय कार्यक्रम पदाधिकारी पीयूष प्रांजल के अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से एनएसएस राज्य समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के द्वारा झारखंड के सभी विश्वविद्यालय के कोऑर्डिनेटर एवं जिले के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जिसमें एनएसएस के द्वारा हर जिले में प्रत्येक विश्वविद्यालय में एवं महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा 6 और 7 जनवरी 2023 को आयोजित किया गया है ।




इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय सफल प्रतिभागी को नगद पुरस्कार एवं स्मृति प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय से कॉर्डिनेटर डॉ धनज्नय कुमार मिश्रा, साहिबगंज जिला के एनएसएस नोडल पदाधिकारी डॉ रणजीत कुमार सिंह ने भाग लिया ।अपनी तैयारी चर्चा की गई साथ ही अधिक से अधिक छात्र छात्राए भाषण व निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने और तीन चयन कर विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर भेजने की बात कही गई । जिसमें जिले के डिग्री कॉलेज के सभी एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेकर सफल और भव्य आयोजन हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। जिले के साहिबगंज कॉलेज, बी एस के कॉलेज, बरहरवा, मॉडल कॉलेज राजमहल, शिबू सोरेन जनजाति डिग्री कॉलेज, बोरियो, बी एल एन डिग्री कॉलेज राजमहल, आदि भाग लेंगे ।वैश्विक मानव मूल्यों के लिए स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन और अध्यात्म दोनों छात्र छात्रों युवा युवतियों के लिए प्रेरणा और आदर्श व्यक्तित्व है।

## छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस तत्पर : रोशन

**हनवारा।**

मंगलवार को महागामा प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन परसा में पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस ने पंचायत के गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से हनवारा थाना प्रभारी रौशन कुमार उपस्थित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के हर एक गांव में कई ऐसे लोग हैं, जो कि विभिन्न तरह की छोटी-मोटी समस्याओ को लेकर परेशान रहते हैं। जिसको जानकारी के आभाव मे वह व्यक्ति अपनी समस्याओं से परेशान रहते हैं।जिसका समाधान बहुत ही आसानी के साथ किया जा सकता है। वैसे समस्याओं से ही निजात दिलाने को लेकर अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों मे प्रत्येक महीना अलग-अलग तिथि एवं समय निर्धारित कर उस पंचायत के लोगों के साथ बैठक की जाएगी। उस बैठक में ही विभागीय समस्याओं से परेशान व्यक्ति से आवेदन लेकर अपने सहयोगियो के माध्यम से संबंधित विभाग तक आवेदन पहुंचवाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही साथ समस्याओं से ग्रसित व्यक्ति को समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा मे आवश्यक पहल किया जाएगा। छोटी- मोटी समस्याओं का समाधान ग्रामीणों के समक्ष बैठकर सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर जमीन विवाद एवं अन्य विभागीय समस्याओं को सुलझाने के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को भी बैठक में बुलाया जाएगा।इस बैठक के बाद उन्होंने मिल्लत कॉलेज, परसा के अतिक्रमित भूमि को खाली कराने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की। सभी अतिक्रमणकारियों से ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम माइकिंग कर निर्धारित समय सीमा के अंदर खाली करने के लिए कहा गया। अन्यथा अतिक्रमित भूमि पर किए गए निर्माण को जेसीबी मशीन के सहारे ध्वस्त कर जमीन खाली कराया जाएगा। अतिक्रमित जमीन को खाली कराने में लागत खर्च अतिक्रमणकारियों से ही वसूली करने के साथ-साथ उस व्यक्ति के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर हनवारा थाना प्रभारी रौशन कुमार एवं जेएसआई मुकेश कुमार उपाध्याय सहित महागामा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद असलम परवेज, ग्राम पंचायत परसा के मुखिया मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद अजमेर शरीफ, मुनीम चिश्ती, इन्तेसार भारती, नाहिद अख्तर एवं गणेश रविदास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोनालिसा को मिला जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न अवॉर्ड



**गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । नेटबॉल की चर्चित खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी को मंगलवार को रांची में जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न अवार्ड से नवाजा गया। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मोनालिसा को पुरस्कार प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि मोनालिसा कुमारी ने नेट बॉल की स्थानीय टीम को एक नया आयाम दिया है। राष्ट्रीय स्तर की चर्चित नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा के अथक प्रयास से गोड्डा की नेटबॉल टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करती है।

जिला नेटबॉल संघ के सचिव गुंजन कुमार झा ने कहा है कि जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न अवॉर्ड मोनालिसा कुमारी को मिला, जो कि इस जिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि रांची स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह में अनेक दिग्गज एवं महान खिलाड़ी आए हुए थे। समारोह में सबसे पहला अवार्ड मोनालिसा को मिला। इस खेल प्रतिभा के सम्मान में बुधवार की सुबह जिला मुख्यालय के गांधी मैदान स्थित अशोक स्तंभ पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी में भर्ती अभियान जारी

**गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । एशिया महादेश की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय पब्लिक लिमिटेड सुरक्षा कंपनी एसआईएस इस जिले में सुरक्षा जवान एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर का भर्ती अभियान चला रही है। जिले के विभिन्न थाना में भर्ती कैंप लगाकर बेरोजगारों का चयन किया जा रहा है। 22 दिसंबर 2022 से पोड़ैयाहाट थाना से भर्ती अभियान का प्रारंभ किया गया था।

## विभा कुमारी के परिजनों को न्याय दिलाने वैशाली पहुंची मानव अधिकार रक्षक की टीम

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**हाजीपुर।** सामाजिक संगठन मानव अधिकार रक्षक की टीम विभा कुमारी की हत्या किये जाने को लेकर वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के मोहनपुर धनराज गांव पहुंची और पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात कर उन्हें इस मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के मोहनपुर धनराज गांव निवासी सुबोध राम की बहन विभा कुमारी की शादी पटना जिले के परसा बाजार थाना के खैराटाली गांव निवासी विमल प्रकाश से हुयी थी। इसी क्रम में 24 दिसंबर को परसा बाजार थाना ने उन्हें सूचना दी कि उनकी बहन की हत्या कर दी गयी है। सुबोध राम ने इस मामले में विभा कुमारी के ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाया है। सुबोध राम ने इस मामले में उन्हें न्याय दिलाने के लिये मानव अधिकार



रक्षक महिला प्रकोष्ठ बिहार की प्रदेश अध्यक्ष , दीदीजी फाउंडेशन की संस्थापिका तथा समाजसेवी डा. नम्रता आनंद से संपर्क किया। सुबोध राम ने बताया है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उनकी बहन को दहेज देने के लिये प्रताड़ित किया करते थे। दहेज नहीं देने को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी बहन की हत्या कर दी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद डा. नम्रता आनंद ने मानव अधिकार रक्षक टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की और यह निर्णय लिया गया है कि हर हाल में विभा कुमारी को न्याय दिलाया जायेगा। इसी क्रम में डा. नम्रता आनंद, मानव अधिकार रक्षक की संस्थापिका रीता सिन्हा,राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार,बिहार प्रदेश अध्यक्ष चेतन थिरानी, सदस्य रश्मि सिन्हा, सरिता देवी और अन्य सदस्यों के साथ विभा कुमारी के मायके मोहनपुर धनराज गांव पहुंची।इसी क्रम में मानव अधिकार रक्षक टीम के लोगों ने मोहनपुर गांव के मुखिया (समनपुरा पंचायत) सहिन्द्र सहनी, ग्रामीण प्रो. लक्ष्मण राम, प्रेम कुमार यादव, सफल राम ,चंदन कुमार से मुलाकात कर घटना की जांच की। मानव अधिकार रक्षक की संस्थापिका रीता सिन्हा ने कहा, आज दहेज प्रथा सभी जगह व्याप्त है । इस कुप्रथा ने लड़कियों के पिता का जीवन दूभर कर दिया है ।कितनी वधुएं दहेज की खातिर जीवित जला कर मारी जा रही हैं ।इस सामाजिक कोढ़ से तभी मुक्ति मिल सकती है जब युवा वर्ग इस ओर अग्रसर हो । दहेज जैसी कुरीति को दूर करने के लिए देश के युवा वर्ग को आगे आना ही होगा। समाजसेवी डा. नम्रता आनंद ने कहा, हमारे समाज में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों, चाहे वह मानसिक हों या फिर शारीरिक, को बढावा देता है। इस व्यवस्था ने समाज के सभी वर्गों को अपनी चपेट में ले लिया है।

दहेज लोभी व्यक्ति को अपने कृत्य की सख्त सजा मिल सके और समाज में भी यह संदेश पहुंचे कि दहेज के लालचियों को कानून बख्शेगा नहीं। दहेज की प्रथा इतनी प्रबल हो गई है कि लोगों में इसके विरोध में आवाज उठाने की मानो शक्ति ही नहीं रहती है।यही कारण है कि, हम लोग दहेज के कारण नवविवाहिता दुल्हनों की मौत के कई मामले सुनते हैं। इसीलिए इस प्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता है। मानव अधिकार रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा, दहेज प्रथा सामाजिक अभिशाप है जिसे दूर करने के लिए एक ओर तो सरकार को कड़े कानून बनाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित कराया जाना चाहिए, तो दूसरी ओर समाज को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करते हुए ठोस उपाय करने चाहिए। मानव अधिकार रक्षक के प्रदेश अध्यक्ष चेतन थिरानी ने कहा,दहेज प्रथा मिटाने के लिए देश के हर एक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। दहेज विरोधी कानून को अधिक कठोर बनाए और उसका पालन कराया जाना चाहिए। मानव अधिकार रक्षक की टीम के सभी सदस्यों ने कहा कि विभा कुमारी के परिजनों को न्याय दिलाने में कोई कसर नही रखी जायेगी।

# सांसद के गलत निर्णय के चलते मेगा पावर प्लांट से देवीपुर को वंचित होना पड़ा

## आज संथाल परगना बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो गया होता

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**देवीपुर।** सांसद के गलत निर्णय के चलते मेगा पावर प्लांट से देवीपुर को वंचित होना पड़ा। ऐसा आरोप दोआब क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र झा उन्मुक्त ने सांसद निशिकांत दुबे पर लगाया। श्री झा के अनुसार प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत 2006 में दोआब क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र झा उन्मुक्त से केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय की टीम ने चार हजार करोड़ रुपए की लागत से मेगा पावर प्लांट लगाने के बारे में जानकारी दी थी।राजेंद्र झा उन्मुक्त ने देवीपुर अंचलाधिकारी से संपर्क स्थापित कराकर देवीपुर अंचल क्षेत्र अन्तर्गत बारावां ,दरंगा,टटकियोनावाडीह और झुंडी चार पंचायतों के विरान पड़े टांड़ किस्म की 2450 एकड़ जमीन मेगा पावर प्लांट स्थापित करने के लिए जमीन चिन्हित कराया।जिसमें केवल छह झोपड़ी में रहने वाले मुसहर जाति के परिवार विस्थापित हो रहे थे।जिन्हें बसाने के लिए पक्का मकान एवं अन्य सुविधायें देने पर विचार किया गया।केन्द्रीय टीम को जमीन पसंद आ गई। राजेंद्र झा उन्मुक्त ने केन्द्रीय टीम के सदस्यों को बताया कि देवीपुर मेगा पावर प्लांट के लिए दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के निकट है।पावर प्लांट के लिए धनबाद चितरा,गिरिडीह, धनबाद, झरिया कोल ब्लॉक निकट है।जलापूर्ति के लिए पुनासी बुढई जलाशय योजना से पावर प्लांट को पानी सुलभ होगा।देवीपुर मेगा पावर प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण करने और मुआवजा भुगतान करने के लिए भूअर्जन विभाग को सूची तैयार देवीपुर मेगा पावर प्लांट का मेप तैयार कर भेज दी गई। इसे प्रोजेक्ट का रिपोर्ट तैयार करने में तीन वर्ष बीत गया।2009 के लोक सभा चुनाव में निशिकांत दुबे चुनाव जीत गये।राजेंद्र झा ने सांसद निशिकांत दुबे को देवीपुर मेगा पावर प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी दी।सांसद को जानकारी देना भारी पड़ गया।2006 में स्वीकृत देवीपुर मेगा पावर प्लांट का सांसद ने षड्यंत्र पूर्वक स्थान बदलकर हुसैनाबाद कर दिया।जेएमएम समर्थक क्षेत्र के लोगों ने हुसैनाबाद में पावर प्लांट स्थापित करने का जमकर विरोध किया।तीर तलवार,लाठी,पत्थर से केन्द्रीय टीम सीओ देवीपुर और देवीपुर पुलिस पर हमला कर दिया।पुलिस को तीर पत्थर लगे,पुलिस की जीप फूंक दी गई। केन्द्रीय टीम, अंचल प्रशासन, देवीपुर पुलिस को बिना ग्राम सभा कराये लौटना पड़ा।बाद में विरोधी दलों के नेताओं ने मेगा पावर प्लांट का पुरजोर विरोध किया।इस प्रकार सांसद के गलत निर्णय के चलते देवीपुर देवघर जिला संथाल परगना और झारखंड भारत के दूसरा सबसे बड़ा मेगा पावर प्लांट से वंचित होना पड़ा।यदि राजेंद्र झा उन्मुक्त के प्रयास से देवीपुर मेगा पावर प्लांट के पूर्व स्थल में परियोजना स्थापित करने देता तो आज झारखंड और संथाल परगना बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो गया होता।उक्त जानकारी राजेंद्र झा उन्मुक्त ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## देवघर से हजारों की संख्या में मंदार पहुंचेंगे कांग्रेसी

# 5 जनवरी को मंदार पर्वत से भारत जोड़ो यात्रा के तहत होने वाले पदयात्रा में होंगे शामिल

### पदयात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लीड करेंगे



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**देवघर।** बिहार प्रदेश कॉंग्रेस के द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा का शुभारंभ 5 जनवरी गुरुवार को बांका जिला के मंदार हिल, बोंसी से प्रारंभ होगी। इस यात्रा का शुभारंभ करने के लिए मुख्य अतिथि के रुप में अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे भाग लेने मंदार हिल पहुँच रहे हैं। मंदार हिल झारखंड सीमा से काफी सटे रहने के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में झारखंड के करीबी जिलों से भारी संख्या में पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल होंगें। इस शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एक दिन पूर्व ही देवघर पहुंच जाऐंगें। जिनके नेतृत्व में देवघर जिला से कॉंग्रेस के नेता,पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक काफी संख्या में कार्यक्रम स्थल मंदार हिल के लिए 5 जनवरी को सुबह 9:00 बजे रवाना होंगें । इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने देवघर जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश को निर्देश जारी कर दिए हैं। इस आलोक में मिडिया प्रभारी दिनेश कुमार मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए देवघर जिला के हजारों संख्या में पार्टी के नेता,पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं समर्थक भाग लेंगें।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. के के रमानी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**देवीपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** थाना एवं प्रखंड रोड स्थित आशा सदन में डेंटल चिकित्सक डा. के के रमानी ने अपने निजी खर्च पर अपनी धर्म पत्नी आशा देवी के जन्म दिन के




अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड के सभी 17 पंचायतों के सभी गांव के सैंकड़ो की संख्या में विकलांग, गरीब, विधवा लाचार व असहाय लोगों को खीर खिलाकर क्लिनिक की मालकिन आशा देवी और डाक्टर केके रमानी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण ठंड को कंबल का वितरण किया।मौके पर मुख्य अतिथि द्रोपती देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य सह पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय मिस्त्रा,कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश बरनवाल, रोहित रमानी, निर्मला देवी, कुसुम देवी, पंकज रमानी, रुक्मणी देवी, होलिका देवी, एवं गीता देवी के हाथों भी गर्म कपड़े व कम्बल का वितरण कराया।

### पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल टक्कर में दो व्यक्ति घायल

- **टीम चिरंजीव के द्वारा घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

**सारवां /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** देवघर सारठ मुख्य मार्ग सिहुलिया टांड पुल के पास पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों



में से शमशेर अंसारी एवं सलमा खातून जो सारठ प्रखंड क्षेत्र सधरिया पंचायत के लकराखोंदा गांव के रहने वाला हैं दोनों देवघर से अल्ट्रासाउंड करा कर अपने घर की ओर जा रहा था। इसी बीच सिहुलिया टांड पुल के पास अनियंत्रित दिशा से आ रही महिंद्रा पिकअप वैन जे एच15 यू 6463 के द्वारा मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। सूचना मिलते ही मौके पर अपने टीम के साथ पहुंचे जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी चिरंजीव यादव और दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सारवां उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा मौके पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महिला की पैर टूट गई है और पुरुष को भी गंभीर चोट आई है। फिलहाल सारवां पूलिस के द्वारा दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

### श्री श्याम परिवार हिंद मोटर के अष्टम वार्षिकोत्सव में देवघर के श्याम भक्तों ने लगाई हाजिरी

- **श्याम प्रभु का हुआ अलौकिक व अद्भुत श्रृंगार : सचिन सुल्तानिया**



**देवघर /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** श्री श्याम कीर्तन मंडल देवघर के 18 सदस्यों की टोली कोलकाता वासुदेव भवन उल्टाडांगा में श्री श्याम सहारा परिवार हिंद मोटर के अष्टम वार्षिकोत्सव में बाबा प्रभु श्री श्याम के समक्ष अपनी हाजिरी अनूठी एवं जोशीले रूप में लगाई है। बाबा का अत्यंत ही मनभावन अलौकिक श्रृंगार वहां कोलकाता के कुशल कारीगरों के द्वारा किया गया था। मंडल के मंत्री श्याम संथालिया, कीर्तन मंत्री रोहित सुल्तानिया, सदस्य विक्की शर्मा ने अत्यंत ही करुणा रूपी भजनों से बाबा को रिझाया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा बैद्यनाथ के प्रिय भजन पट खोलो जरा दानी हम द्वारे तेरे आए हैं से किया गया। श्री श्याम सहारा परिवार के द्वारा भी श्री श्याम कीर्तन मंडल का हृदय से सम्मान आभार प्रकट किया गया। यह जानकारी मंडल के प्रवक्ता रोहित सुल्तानिया ने दी।

## गाँधी मैदान दुमका में वीणा मेमोरियल क्रिकेट लीग का हुआ आगाज

- **ब्लैक दुमकनस एवं लखीकुंडी के बीच हुआ 35 ओवर का मुकाबला**
- **ब्लैक दुमकनस ने लखीकुंडी को पहले मुकाबले में 89 रनों से किया पराजित**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका ।** स्थानीय गाँधी मैदान में दुमका क्रिकेट एसोसीएशन के तत्वावधान में वीणा मेमोरियलक्रिकेट लोग का शुभारंभ हुआ। मैच शुरू होने से पूर्व स्व. वीणा देवी के स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया।

उक्त लीग के अध्यक्ष विवेक नंदन एवं भास्कर अजीत सिंह , उपाध्यक्ष कुणाल झा, सचिव उमेश राउत,संजय तिवारी , संयुक्त सचिव चंद्रकिशोर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।लीग के अध्यक्ष विवेक नंदन के द्वारा टॉस कराया गया। टॉस ब्लैक दुमकन्स ने जीत कर पहले बल्लेबाजी का फ़ैसला किया तथा निर्धारित 35 ओवर में 5 विकेट के नुक़सान पर कुल 260 रनों का स्कोर खड़ा किया।ब्लैक दुमकन्स के तरफ़ से सर्वाधिक रन एवनिंस सोरेन (66 रन )बनाया । लखीकुंडी के तरफ़ से गेंदबाज़ी करते हुए मिलन कुमार ने 2 विकेट लिए।जवाब में पूरी लखीकुंडी की टिम 30 ओवर 3 बॉल में 171 रनों पर सिमट गई । ब्लैक दुमकनस की तरफ़ से संजय मरांडी ने कुल 6 विकेट लिया।बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ब्लैक दुमकनस के संजय मरांडी को मेन ऑ×फ द मैच चुना गया ।उक्त मैच में निर्णायक की भूमिका किसलय पल्लव एवं मीठू यादव ने अदा की। मैच के स्कोरर हर्ष सिन्हा रहे।

उक्त मौके पर उमा शंकर चौबे, भास्कर अजीत सिंह , डॉ तुषार ज्योति, ललित पाठक, संजय तिवारी, उमेश राउत, सुरेश मोदी, कुणाल झा, विश्वजीत चटर्जी, आलोक सिंह, राजा पाल,चंद्र किशोर सिंह, छोटू चौरसिया, गोविन्दा तिवारी, रोहित तिवारी, सिकंदर बक्स, ललित सिंह ''चासा'' के अलावा काफ़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे ।

## सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में है डुबी हुई : रणधीर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**जामताड़ा।** भाजपा जिला इकाई के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के नेतृत्व में कंबाइंड बिल्डिंग रोड स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। झारखंड के वर्तमान हेमंत सरकार में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रेस वार्ता आयोजित की गई। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह सारठ विधायक रणधीर सिंह और भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल के साथ तमाम जामताड़ा जिला भाजपा पदाधिकारी गण मौजूद रहे । झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह सारठ विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि इस मौजूदा झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह जनविरोधी सरकार है, इस वर्तमान गठबंधन सरकार में महिला उत्पीड़न चरम पर है। हेमंत सरकार जनविरोधी सरकार है। इस सरकार ने जनता के विकास के लिए किसी तरह का कोई काम नहीं किया है, लूट खसोट भ्रष्टाचार मचाकर अपनी झोली भरने का काम किया है। इस वर्तमान सरकार ने झारखंड के कोयला, गिट्टी, बालू, लोहा ,पत्थर जैसे प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का काम किया है। इस सरकार में महिलाओं के ऊपर अत्याचार और शोषण चरम पर है, आए दिन महिलाओं को मौत के घाट उतार जा रहा है। इस सरकार में सभी सरकारी अधिकारी बेलगाम है, सरकारी कार्यालयों में कोई भी काम बिना घुसकर नहीं हो रहा है । जनता त्राहिमाम है और हेमंत सरकार मालामाल है। जामताड़ा जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी कार्यालय में बिना घूस के जामताड़ा वासियों का काम नहीं हो रहा है। यह सरकार सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। यह आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोधी सरकार है। हेमंत सरकार ने आदिवासियों, दलितों और पिछड़ा का हक मारने का काम किया है। भाजपा जामताड़ा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह ने कहा कि यह सरकार ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है, इस सरकार का पोल जनता के बीच खुल चुका है। मौके पर जिला महामंत्री प्रभास हेंब्रोम, जिला महामंत्री सुमित सरण, जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सर्खेल, अभय सिंह, चिंतामनी भंडारी, रंजीत यादव,मितेश शाह,मनोज गोस्वामी सुशील पोद्दार, सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने चलाया सदस्यता अभियान, पंडरिया के दर्जनों लोगों ने थामा माले का दामन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**गांवा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंडरिया में बैठक आयोजित कर भाकपा माले का सदस्यता भर्ती अभियान चलाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए आरवाईए के जिला सचिव कॉमरेड अशोक मिस्त्री ने कहा कि मोदी सरकार देश की तमाम सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंप रही है। इधर राज्य सरकार द्वारा भी युवाओं को छला जा रहा है। लगभग सभी नियुक्तियां कोर्ट केस के हत्थे चढ़ रही है जिससे युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। उनकी उम्र सीमा खत्म हो रही है।बैठक में जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस 16 जनवरी को बगोदर चलने के आ''ान के साथ साथ 15 फरवरी को गांधी मैदान पटना में होने वाले लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली को सफल करने की अपील की गई।12 जनवरी 2023 को बिरने खेल मैदान में मिलन समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव अशोक मिस्त्री, बिरने मुखिया चन्दन यादव, उप मुखिया बबलू रविदास, प्रखण्ड कमिटी सदस्य नारायण यादव, नरेश यादव, अभिनन्दन कुमार, कमलेश यादव, संजय पासवान, लटन यादव शामिल थे। बैठक के दौरान दर्जनों लोग पार्टी में शामिल हुए । शामिल होने वालों में प्रवीण यादव, तुलसी यादव, भुनेश्वर यादव, तिरपुरारी यादव, संदीप यादव, कुलेश्वर यादव, मुकेश यादव, पप्पू यादव, सुखदेव यादव, राजकुमार यादव, कांग्रेस कुमार, मनोज यादव, कुंती देवी, गोविन्द मुसहर, सहदेव यादव, सुरजी देवी, सुधीर कुमार, सकलदेव यादव आदि।

## मंदिर में फेंका मांस का टुकड़ा

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** मंदिर में गंदगी फैलाने, प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाने, तोडफोड़ करने और चोरी की खबरें अकसर सुनने को मिलती हैं। कुछ ऐसा ही किस्सा शिकारीपाड़ा प्रखंड के ढाका गांव में स्थित काली मंदिर में देखने को मिला, जिसमें शरारती तत्वों ने मंगलवार को मांस फेंक दिया। इससे गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। मांस के साथ शिवतल्ला पंचायत के उपमुखिया खलीला का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हुआ एक पर्चा भी है।

सूचना के बाद एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी व पुलिस निरीक्षक संजय सुमन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग है कि पहले पर्चा में जिस व्यक्ति का नाम लिखा हुआ है, उसे मंदिर में लाया जाए, लेकिन मौजूदा हालात और तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस उसे लाने का साहस नहीं कर पा रही है। पुलिस का मानना है कि किसी ने उप मुखिया को फंसाने के लिए इस तरह की हरकत की है। पुलिस लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। मालूम हो कि गांव में हिंदू, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं।

## मनाई गयी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देवघर द्वारा मंगलवार को सावित्रीबाई फुले की जयंती पर देवघर महाविद्यालय मुख्य गेट स्थित सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश में कठिन संघर्ष कर महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने का काम किया था। जिसका परिणाम है कि आज भारत की महिलाएं देश ही नहीं विदेश में परचम लहरा रही है। साथ ही महान समाज सुधारक ,भारत की प्रथम महिला शिक्षिका ,मराठी कवित्री, नारी सशक्तिकरण में अमूल्य योगदान देने वाली, वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाली महिला थी।मौके पर देवघर विभाग संयोजक शुभम राय ,जिला संयोजक प्रशांत शंकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरुण शर्मा, विनय राय, अभिजीत सिंह, शुभम खवाडे, गोपाल कुमार, सौरभ पाठक ,प्रकाश महथा, संजीव झा ,चिरंजीवी मिश्रा ,राकेश रंजन, निलेश सिंह, अर्जुन सिंह, अजय शर्मा, राहुल यादव ,अभिनव चंद्रा, ललन कुमार शर्मा, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# आप ने चलाया प्रोत्साहन कार्यक्रम, होगा शिक्षा दान

- **प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया गुरु को सम्मानित, खिलखिलाएं बच्चे**
- **बच्चे कल का भविष्य इसे आज संवारने की जरूरत : डॉ राजीव**
- **हर प्रखंड में चलाया जाएगा निःशुल्क कोचिंग सेंटर**





झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**देवघर।** समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए आम आदमी ने प्रोत्साहन कार्यक्रम की शुरुआत की ।कार्यक्रम का श्री गणेश मोहनपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दहिजोर से किया गया ।जहां एक शिक्षक संदीप द्वारा बीते दो साल से लगभग 60 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दान दिया जा रहा। प्रोत्साहन कार्यक्रम की अगवाई युवा अध्यक्ष संदीप यादव ने किया । वर्षो से मुफ्त में शिक्षा देने वाले कोचिंग सेंटर के संचालक को आप पार्टी के प्रदेश एवं जिला इकाई ने कार्यो को सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया ।गुरु सम्मानित होते देख बच्चे भी खिलखिलाते नजर आए।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन बच्चों के बीच पढ़ाई सामाग्री का वितरण किया।वहीं उन्होंने कहा कि बच्चे कल का भविष्य है उसे आज संवारने की जरूरत है।वहीं उन्होंने कोचिंग संचालक की तारीफ करते हुए कहा।इस तरह का कार्य स्वागत योग्य है।हम आप के सिपाही वचन देते हैं इस तरह के कार्य के लिए कभी भी किसी भी तरह की जरूरत पड़ी तो हमें याद करें हमसब आपके साथ है। हमारा प्रयास रहेगा कि हर प्रखंड में शिक्षा दान को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंदों के लिए इसी के तर्ज पर निःशुल्क कोचिंग सेंटर चलाया जाए। इस मौके पर गोड्डा लोकसभा अध्यक्ष जयशंकर झा, जिला अध्यक्ष मुकेश आनंद तिवारी, संगठन मंत्री मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष राहुल सौरभ, युवा जिला अध्यक्ष संदीप यादव, प्रभाकर यादव एवं प्रखंड कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं दर्जनो ग्रामवासी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली के 12वें अधिवेशन का भव्य और शानदार आयोजन







झारखंड देखो(प्रतिनिधि)।

**रामपुरहाट(पश्चिम बंगाल)।** स्व,स्वतंत्रता और प्रतिरोध-अतीत से वर्तमान विषयक अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के 12वें अधिवेशन का गोपाल नारायण सिंह विवि.,जमुहार,सासाराम,बिहार में भव्य और शानदार आयोजन किया गया। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्,नयी दिल्ली द्वारा प्रयोजित इस त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 26-28 दिसम्बर 2022 को सफल बनाने में इतिहास संकलन समिति, बिहार,पटना के पदाधिकारियों और उनकी अगुवाई में सैकड़ों प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई जिन्होंने कड़ी मिहनत कर तमाम व्यवस्थाओं का संचालन समयानुकूल और व्यवस्थित तरीके से किया। इसके अध्यक्ष प्रोफेसर डा.राजीव रंजन,कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर डा.रामाकान्त शर्मा, महासचिव शैलेश कुमार और सह-सचिव व कार्यालय प्रभारी राहुल कुमार झा और इनके सक्रिय सहयोगियों ने इस अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं की और एक बड़ी टीम का गठन किया। अध्यक्ष प्रोफेसर डा.राजीव रंजन ने झारखंड देखो को बताया कि अधिवेशन के सुचारू रूप से संचालन हेतु आयोजन समिति के गठन के अलावा स्थानीय सचिव,स्थानीय सह-सचिव,बौद्धिक समिति--सत्र व्यवस्था, मंच संचालन,मंच व्यवस्था, आवास व्यवस्था,यातायात व्यवस्था,भोजन व्यवस्था,जल व्यवस्था,मीडिया, पंजीयान,सांस्कृतिक कार्क्रम,पर्यटन व्यवस्था प्रदर्शनी,चिकित्सा व्यवस्था,अतिथि स्वागत,पुस्तक विक्रय केन्द्र,प्रशासन समिति आदि के लिए शिक्षकों और कार्यकर्ताओं का चयन किया गया जिनके सक्रिय सहयोग से हम अधिवेशन का सफल आयोजन करने में कामयाब हुए।कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर डा. रामाकान्त शर्मा ने कहा कि इसमें गुजरात,हरियाणा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल,राजस्थान, असम,झारखंड सहित देश के विभिन्न प्रान्तों से लगभग एक हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर डा. शर्मा के अनुसार सारे कार्यक्रम और एकेडमिक सेशन पूर्व निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप आयोजित किये गये। महासचिव शैलेश कुमार ने कहा कि देर शाम तक प्राचीन भारत में स्व एवं प्रतिरोध,भारतीय क्षत्रप और एवं विदेशी आक्रान्ताओं का प्रतिरोध, यूरोपीय आक्रान्ता एवं देशज प्रतिरोध,अल्पज्ञात नायक,घटनाएं एवं स्थान,विविध आदि शीर्षकों के अन्तर्गत शोध आलेख प्रस्तुत किये जाने के फलस्वरूप अधिवेशन का माहौल पूरी तरह से शैक्षणिक हो गया। महासचिव शैलेश कुमार ने झारखंड देखो को बताया कि अनुभवी और वरीय शिक्षकों के अलावा युवा शिक्षकों और शोधार्थियों ने भारी संख्या में अधिवेशन में शिरकत किये जाने और शोध आलेख प्रस्तुत करने से अधिवेशन के आयोजन का मूल मकसद को प्राप्त करने में हम सफल हुए। सह-सचिव व कार्यालय प्रभारी राहुल कुमार झा के अनुसार इसमें शामिल प्रतिनिधियों ने दो सौ से अधिक शोध आलेख प्रस्तुत किये जिन पर व्यापक टीका-टिप्पणी की गई। कार्यालय और अधिवेशन में शामिल होने हेतु पंजीयन इनचार्ज राहुल कुमार झा ने झारखंड देखो को यह भी बताया कि वि वि के विभिन्न सभागारों में त्रि-दिवसीय अधिवेशन में लगभग तीस एकेडमिक सेशन अयोजित किये गये और इसके व्यवस्थित आयोजन हेतु अलग अलग चेयरपरशन,सब्जेक्ट एक्पर्ट, सेशन मोडेरेटर और रिपोर्टियर नियुक्त किये गये। श्री झा के अनुसार इस अधिवेशन को सफल बनाने में सभी लोगों के सहयोग के अलावा नम्रता प्रकाश,नितू कुमारी,सुनीता रजक,मायानंद,सूर्यनारायण प्रसाद,श्रीमन नारायण पाठक,अखिलेश कुमार सिंह,डा.दिलीप कुमार ,विक्रान्त राज आदि प्रतिनिधियों ने अहम योगदान किया। मौके पर नचिकेता स्मारिका प्रकाशित की गई जिसका विमोचन आरएसएस कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश सोनी,भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री डा.एम.एन.पांडे,कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह,कुलपति प्रोफेसर महेन्द्र सिंह,अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के कार्यकारी अध्यक्ष देवी प्रसाद सिंह,संगठन सचिव बालमुकुन्द पाण्डे,इतिहास संकलनसमिति,बिहार ,पटना के अध्यक्ष और अधिवेशन के स्थानीय सचिव प्रोफेसर डा.राजीव रंजन ने किया। इस नचिकेता स्मारिका में कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह,अखिल भारतीय अनसंधान परिषद् के सदस्य सचिव प्रोफेसर उमेश अशोक कदम,नव नालन्दा महाविहार,नालन्दा के कुलपति प्रोफेसर वैद्यनाथ लाभ,वीर कुँवर सिंह विवि.आरा के कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी,इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी,हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विवि.शिमला के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल सांसद,राज्यसभा,म.प्र. डा. सुरेश सिंह सोलंकी और ,अध्यक्ष,इतिहासर संकलन समिति और इस अधिवेशन के स्थानीय सचिव प्रोफेसर राजीव रंजन के शुभ कामना संदेश प्रकाशित हैं।

**(प्रस्तुति- श्रवण कुमार,स्टडी एंड रिसर्च सेंटर,चांदमारी रोड,रामपुरहाट(वीरभूम) पश्चिम बंगाल,)**

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना से बचाव को लेकर बैंक शाखा प्रबंधक ने दिया सलाह

- **कहा - मास्क पहने व सेनेटाइजर यूज के साथ डिस्टेंस बनाये रखें**

**देवीपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** कोरोना संक्रमण के बढते आशंकाओं को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक देवीपुर शाखा प्रबंधक आनंद कुमार झा ने सभी बैंक कर्मियों और ग्राहकों को बुधवार से मास्क पहनकर आने और सेनेटाइजर का उपयोग करने की सलाह दी गई है।चीन समेत कई देशों में कोरोना संक्रमण के बढते संकट को देखते हुए झारखंड सरकार ने भी ऐहतियात के लिए सभी सुरक्षात्मक कदम उठाने का निर्देश सभी अस्पतालों को दिया है।इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवीपुर के चिकित्सा प्रभारी डा०कुमार अभय प्रसाद ने पहली जनवरी को मॉक ड्रील करने, मास्क,सेनेटाजर का उपयोग करने के लिए आवशयक निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिया है।बचे हुए लोगों का टीकाकरण करने,बूस्टर डोज लगवाने के लिए कोविड वैक्सीन की डिमांड की गई है।लोगों से मास्क, सेनेटाइजर का उपयोग करने,दो गज की दूरी बनाये रखने,भीड़भाड़ से बचने की सलाह दी गई है।

### डॉ. जयपाल सिंह मुंडा झारखंड आंदोलन के सर्वोच्च नेता थे : शैलेन्द्र यादव

**हजारीबाग /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शिक्षाविद डॉ. जयपाल सिंह मुंडा की 120 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि डॉ. जयपाल सिंह मुंडा भारतीय आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता थे । वे आक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने एक मात्र हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे । वे झारखंड के महान, दूरदर्शी और विद्वान नेता सामाजिक न्याय के आदिवासियों के पक्षधर थे । रांची में जन्में हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी ने आदिवासी नेता मरड़ गोमके के नाम से विख्यात डॉ. जयपाल सिंह मुंडा को सन 1928 मे एम्सटर्डम हॉलेंड में आयोजित ओलंपिक खेल भारतीय हॉकी टीम के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था ।इसमे भारत ने पहला पदक प्राप्त किया था । वे सन 1936 को राजनीति में आए और बाद में झारखंड पार्टी का गठन किया । उन्होंने अनुसूचित जन जातियों के बढ़ चढ़कर कार्य किया ।

जयंती कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, अशोक देव जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार रवि, मनोज नारायण भगत, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, मनोज मोदी, शिव नंदन साहू, बिनोद सिंह, लाल बिहारी सिंह, मो. नौशाद, तस्लीम अंसारी, एजाज अहमद, बाबु खान अधिवक्ता रंजीत कुमार राणा, विजय कुमार सिंह, रामजतन यादव, सैयद अशरफ अली, सुबेश राम, अली हुसैन, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मो. मुस्ताक, सदरूल होदा, गोबिंद राम, गिरधारी प्रसाद मेहता , भैया असीम कुमार के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

### शीतलहर के कारण विद्यालयों को सप्ताह भर बंद रखने की शिक्षक संघ ने की मांग

**जामताड़ा /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, जामताड़ा, अंचल -फतेहपुर की बैठक संघ के प्रधान सचिव वरुण कुमार मंडल की अध्यक्षता में मंझलाडीह में की गई । जिसमें संघ के सभी सदस्यों द्वारा मांग की गई कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए विद्यालय अवधि में परिवर्तन एवं कक्षा एक सप्ताह तक स्थगित किया जाए ताकि बच्चे ठंड से बच सके। संघ के सदस्यों ने उपायुक्त, जामताड़ा से आग्रह किया है कि चल रहे शीतलहर से जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ रहा है ।इससे विद्यालय के बच्चे प्रभावित हो रहे हैं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यालय में ठंड के कारण बच्चों की उपस्थिति नगण्य हो गई है। दिन- प्रतिदिन बढ़ रही ठंड को देखते हुए विद्यालय खुला रखना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है। बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता श्याम लाल महतो ,नाला प्रखण्ड संयोजक प्रहलाद चंद्र राउत , फतेहपुर प्रखण्ड अध्यक्ष मदन मोहन मरांडी , सचिव आशीष कुमार सामन्त , बनमाली महतो , हरदेव यादव ,राजेंद्रशर्मा ,अमर मण्डल एवम शशधर मण्डल आदि कई शिक्षक थे।

### देवीपुर में चलाया गया विद्युत चोरी उन्मूलन अभियान

**देवीपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड शीर्ष निगम मुख्यालय रांची आदेशानुसार विद्युत चोरी उन्मूलन अभियान चलाया गया ।जिसके लिये एक छापेमारी दल का गठन किया गया। जहां थाना क्षेत्र के धौबाना पंचायत के जगमनियां गांव में कुल- 8 लोगों द्वारा पूर्व से बिजली बकाया रहने के बावजूद भी अवैध रूप से बिजली जला रहा था। वहीं झुमरबाद पंचायत के मनियारपर गांव में भी 3 लोग द्वारा पूर्व से बिजली बकाया रहने के बावजूद भी अवैध रूप से बिजली जला रहा था। अवैध रूप से बिजली जलाने वालों में जगमनियां गांव के शब्बीर मियां, सलामत अंसारी, मजीद मियाँ, शमशेर अंसारी, करीम मियां, उद्दीन मियां, टुआ अंसारी, गनी अंसारी। वहीं मनियारपर गांव के तीन लोगों में प्रसादी यादव, बिनोद कुमार व कैलाश यादव का नाम शामिल है।

इस मामले को लेकर विद्युत विभाग के जसीडीह प्रमंडल के कनीय अभियन्ता दुर्गेश नन्दन सहाय ने देवीपुर थाना में आवेदन देकर सभी अभियुक्तों पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवशयक क्षति पूर्ति कार्यवाही करने की मांग की है। छापेमारी दल में कनीय सारणी पुरुष अजीत कुमार, बा' श्रोत कर्मचारी मनीष कुमार, गणेश सिंह व पवन झा आदि मौजूद थे।

## मधुपुर अंचल पुलिस निरीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में की अपराध मासिक समीक्षा बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**मधुपुर।** मधुपुर अंचल पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को अंचल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी के साथ मासिक अपराध समीक्षात्मक बैठक किया। उन्होंने मधुपुर,करौ ,पथरोल, मार्गोमुंडा, बूढ़ैई समेत महिला थाना मधुपुर में दर्ज विभिन्न मामलों का विस्तार पूर्वक अवलोकन करते हुए लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया । उन्होंने दागी,लाल वारंटी, फरार आरोपित को गिरफ्तार करने को कहा गया। उन्हों ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर चौक चौराहा सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग लगातार लगाने को कहा। मौके पर मधुपुर पुलिस इंस्पेक्टर इंचार्ज रामदयाल मुंडा,पथरौल थाना प्रभारी मनीष कुमार, मारगोमुंडा थाना प्रभारी अनुरंजन समेंद्र समद, बुढ़ई थाना प्रभारी हीरालाल तुबीद, करो थाना प्रभारी चंदन दुबे व महिला थाना प्रभारी मधुपुर रेणु कुमारी मौजूद थे!

## सीडीपीओ के निर्देश पर पर्यवेक्षिका ने विकलांग के बीच किया वैशाखी का वितरण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**मघुपुर।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में मधुपुर प्रखंड के गढ़िया पंचायत ग्राम मथुरा निवासी दिलजान भाढ़ पिता भैरो भाड़ 55 वर्ष को बैसाखी कल्याण विभाग की ओर से दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका सालंती हेंब्रम, निवेदिता नटराजन की उपस्थिति में विकलांग दिलजान भाड़ को वैशाखी उपलब्ध कराया। इस मौके पर पर्यवेक्षिका सालंती हेंब्रम ने कहा कि ऐसे जरूरतमंदों को सरकार द्वारा ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, मुहैया कराया जा रहा है । आगे भी क्षेत्र के लोगों को सूची के अनुसार ट्राइ साइकिल, व्हीलचयर, वैशाखी दिया जाएगा। मौके पर प्रधान सहायक प्रकाश दास ,कंप्यूटर ऑपरेटर टिंकू दास आदेशपाल अशोक मांझी अन्य कर्मी उपस्थित रहे!

## एक ही परिवार के 6 लोग विकलांग फिर भी सरकारी लाभ से वंचित

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फैयाज कैसर पहुंचे विकलांग के घर और जल्द सरकारी लाभ दिलाने का दिलाया भरोसा**

**मधुपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** आज भी ऐसा गांव है जहां जरूरतमंदों को सरकारी लाभ से वंचित रखा गया है। वहीं मधुपुर शहर के वार्ड नंबर 9 लालगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के 6 लोग गूंगा,व विकलांग है। इन सभी की हालत काफी दयनीय है। इसकी खबर मधुपुर नगर



पार्षद के पूर्व अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सदस्य कांग्रेस नेता फैयाज केसर को सुचना मिला ।सुचना मिलते ही फैयाज कैसर सीधे इस लाचार के घर पहुंचे और इन सभी की हालत देखकर काफी दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा मुझे अफसोस है कि ऐसे लोगों को आज तक सरकारी लाभ से वंचित है इसका खास कारण है कि घर में किसी के पास जुबान नहीं सभी गूंगा है जो लोगों को अपने दुख की फरियाद रख सके मैं वादा करता हूं कि जल्द ही इन सभी को विकलांग प्रमाण पत्र बनाकर इन सभी को सरकारी लाभ दिलाने की कोशिश करूंगा ।मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नसीम हुसैन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद मुशर्रफ हुसैन इत्यादि उपस्थित रहे!

## रवि का कभी नहीं हो सकता है अस्त : कुलपति

### डॉ. रवि के जन्मोत्सव पर विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**मधेपुरा।** प्रोफेसर डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे हिंदी, मैथिली एवं अंग्रेजी साहित्य के मूर्धन्य विद्वान, प्रख्यात शिक्षक, कुशल प्रशासक एवं लोकप्रिय राजनेता थे। वे अपने नाम के अनुरूप शिक्षा, समाज, राजनीति एवं साहित्य के चमकते सूर्य हैं। ऐसे रवि का कभी भी अस्त नहीं हो सकता है।

यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने कही। वे मंगलवार को डॉ. रवि विचार मंच के तत्वावधान में आयोजित जन्मोत्सव समारोह में बोल रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन सुप्रसिद्ध लेखक-विचारक, सर्वप्रिय शिक्षक एवं समद्रष्टा प्रशासक और पूर्व विधायक, पूर्व सांसद (लोकसभा एवं राज्य सभा) तथा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के संस्थापक कुलपति डॉ. रवि के 81वें जन्मदिवस पर किया गया। कुलपति ने बताया कि डॉ. रवि ने पटना विश्वविद्यालय, पटना से एम. ए. (हिंदी) एवं पी-एच. डी. की उपाधि प्राप्त की थी। उन्होंने अपनी प्राध्यापकीय यात्रा का प्रारंभ ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में हिंदी के प्राध्यापक के रूप में की थी और वे इस महाविद्यालय के प्रथम कमीशंड प्रधानाचार्य भी रहे।

इस अवसर पर वित्तीय परामर्शी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बीएन विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम, प्रो. ललन प्रसाद अद्री, प्रो. आरपी राजेश, डॉ. गजेन्द्र कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. अरुण कुमार झा, अखिलेश नारायण, डॉ. राजेश्वर राय, पृथ्वीराज यदुवंशी, सीनेटर रंजन यादव, शोधार्थी सारंग तनय, सोनु कुमार, इशा असलम, दिलीप कुमार दिल, अभिषेक यादव, सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यालय में मनाया गया सावित्रीबाई जयंती

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।




**गिरिडीह।** मंगलवार को गिरिडीह झामुमो जिला कार्यालय में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले की 192 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन झामुमो नेत्री प्रमिला मेहरा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गिरीडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित थे। वही सर्वप्रथम मा० विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने माँ सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यर्पण किये ततपश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यर्पण किये। श्री विधायक ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने पितृ सत्ता सोच के अक्स में देश के नब्ज़ में महिला शिक्षा का विचार जगाई व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर जो शिक्षा की ज्योत जलाई वो इतिहास के पन्नो पर अमिट हो गया। श्री सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना।

महिला नेत्री प्रमिला मेहरा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्योतिंद्र प्रसाद, राकेस रंजन, मोहन दास, हिंगामुनि मुर्मू, गीता देवी, सोनी चौरसिया, अंजू सोनी, उषा ठाकुर, सुनीता शर्मा, कला सहाय, रेशमी देवी, ललिता देवी, शुशीला देवी, आरती मुर्मू, बसंती बास्के, गोपाल शर्मा, मो जाकिर, मो० चाँद रशीद, मो० तूफान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल नवडीहा में मनाया गया सावित्रीबाई फुले की जयंती

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**जमुआ।** जमुआ प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल नवडीहा में मंगलवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले की फोटो पर शिक्षक अभिभावक एवं बच्चों ने पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। वही ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की ओर से लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देते हुए आज फ्री नामांकन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर नरेश वर्मा ने कहा सावित्रीबाई फुले अपने जीवन में संघर्ष करके लड़कियों को शिक्षा की हक और अधिकार दिलाने में उसका अहम योगदान था इस शिक्षिका को मैं नमन करता हूं जिनके कारण आज लड़कियां पढ़ रही है। मैं अपने स्कूल के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा के लिए हमेशा प्रेरित करता हूं और आज लगभग सैकड़ों नामांकन विद्यालय में बच्चियों की फ्री में की गई है ।

कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया।

मौके पर नवडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश महतो , पंचायत समिति सदस्य जानकी महतो ,तेजो महतो, अंबिका महतो एवं शिक्षक सिंटू वर्मा ,अरविंद वर्मा ,वीरेंद्र वर्मा ,रंजीत वर्मा ,प्रदीप वर्मा, रिचा सिन्हा ,रिया सिन्हा ,खुशी सिन्हा ,कलावती रजक ,सुनीता कुमारी एवं सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

# संघ और हमारा दायित्व

गहन अंधेरे रोक सके कब, रवि किरणों की सहज राह को रोक सका है कौन आज तक सिन्धु के प्रचंड प्रवाह को झंझावातों मे भी जिसने सीख लिया प्रतिपल मुस्काना मिटा नही सकता कोई भी उसके मन की अमिट चाह को। संघ डुबती कश्ती को पार उतारने की कला सिखा देते है न घबराना न कभी सामने कयामत देखकर निडर होकर जीने की कला संघ सिखा देता है। प्रेम का प्रकाश प्रकट कर सके हम सभी संघ की प्रेरणा से ज्योतिर्मय मशाल बनना संघ से सिख सकते है संघ की गरिमा, संघ की विशालता आदि कोई मामुली बात नही है हरियाली ही हरियाली है चारों तरफ ऐसा संघ रूपी बागवान बनना मामुली बात नही है। गणधिपती पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी फरमाया करते थे युग की मांग के अनुसार परिवर्तन होना चाहिये फिर वो चाहे विचारो का हो या कार्य प्रणाली का हो। हमने देखा और सुना है तेरापंथ धर्म–संघ मे जितने भी आचार्य हुए है उनके द्वारा संघ मे कुछ न कुछ परिवर्तन हुआ है। चतुर्थ आचार्य जयाचार्य ने तो संघ की काया–पलट ही करदी। स्वामीजी ने धर्म –संघ की मजबूत नींव लगाई और जयाचार्य ने उसे खुब सजाया संवारा जीसतरह एक मकान की नींव कितनी ही मजबूत क्यू न हो पर आकर्षक वह भीतरी साज–सजा से ही लगता है वही कार्य जयाचार्य ने किया पर मुल को कभी धक्का नहीं लगने दिया जैसे मर्यादा अनुशासन आदि । मर्यादा के साथ मुल सुरक्षित होना चाहिये इस तरह प्राचीनता और नवीनता के समन्वय से किया गया कार्य सदैव प्रभावशाली ओर फलता फूलता है। उदहारण हमारा तेरापंथ धर्म–संघ। अचार्य श्री भिक्षु – उन्होंने स्वयं लिखा है कि रघुनाथ जी स्वामी से अलग होने के पश्चात उन्हें 5 वर्ष तक तो आहार भी पूरा नहीं मिलता था। उन्होंने अनेक कष्ट सहे। कभी हिम्मत नही हारी। तेरापंथ की ऐसी मजबूत नींव लगाई जिसमे जितने भी तूफान आए और भी बढी उसकी गहराई है उसका साक्षात उदाहरण आज हमारा विशाल सूरज सा चमकता तेरापंथ संघ है। शासन माता द्वारा रचित आचार्य श्री महाश्रमणजी पर आधारित गीत का मुखड़ा – संघ हिमालय के शिखरो पर चढ़ो सभी हम साथ है। गढ़ो नया इतिहास आर्यवर सबल तुम्हारे हाथ है जय जय ज्योतिचरण जय जय महाश्रमण। अनुशासन की मिशाल है तेरापन्थ संघ महान। तेरापंथ प्राचीनता और नवीनता के अदभुत समन्वय का नाम है हमारा धर्म संघ जहां नवीन आयामों का पैगाम है। वहीं दूसरी तरफ प्राचीन मर्यादाएं हमारी शान है। मौलिकता लिए हमारी मजबूत नींव को प्रणाम है। युग के साथ परिवर्तन व नव उन्मेषों का भंडार है। भिक्षु स्वामी से लेकर ग्याहरवे आचार्य श्री महाश्रमण तक मूल मर्यादाएं अक्षुण्ण खान है। हमारे समाज से ही होते दीक्षित सब बालक बालिकाएं पर रहते सब एक गुरु की आण है। स्वतंत्रता सबको विचारों की पर अनुशासन महान है। उच्छृंखल बनने वाला का आचार्यों की नजरों में नहीं कोई स्थान है। विवेक पूर्वक परिवर्तन तथा नम्रता ,विनय वात्सल्य पूर्ण आदि व्यवहार है। यहां न हठ धर्मी है पुरातन लोगों की और नवीन पीढ़ी भी अनाग्रह वान है। पूरा इतना बड़े साम्राज्य संचालन की पद्धति मय मनो विज्ञान है। उसी धर्म संघ के हम भी कहलाते चार तीर्थों में दो तीर्थ महान है।

## मार्ग-दर्शन

# त्याग से मिलता है आत्मा का परमानंद

एक सेठजी थे। उन्होंने अपने जीवन में बहुत पैसा कमाया। वृद्धावस्था में उन्होंने एक बार भगवान बुद्ध का 'त्याग और वैराग्य' पर प्रवचन सुना। उसे सुनकर उनकी भी अंतरात्मा जाग्रत हो गई। उन्होंने अपनी समस्त धन-संपत्ति लोकोपकारी कार्यों में लगाकर संयम व त्याग से परिपूर्ण जीवन व्यतीत करना शुरू कर दिया। वे सादा खाते, सादा पहनते और मात्र अति आवश्यक आवश्यकताओं पर ही खर्च करते। जो भी व्यक्ति उनके पास मदद की आशा से जाता, वह खाली हाथ न लौटता। सर्वत्र उनके सद्‌कार्यों की प्रशंसा होने लगी। एक दिन जनता के कुछ प्रतिनिधि उनके समक्ष उपस्थित हुए और उनसे करबद्ध निवेदन किया- आपका त्याग प्रशंसनीय है। अतः हम सार्वजनिक रूप से आपका अभिनंदन कर आपको 'दानवीर' तथा 'मानव रत्न' की उपाधियों से विभूषित करना चाहते हैं। कृपा कर हमारी इस प्रार्थना को स्वीकार करें। सेठजी ने मुस्कराते हुए कहा- सज्जनो! मैंने कोई त्याग नहीं किया है वरन लाभ लिया है। बैंक में रुपए जमा करना त्याग नहीं, वरन ब्याज का लाभ है। ग्राहक को वस्तु देकर दुकानदार किसी प्रकार से त्याग का परिचय नहीं देता, वह तो बदले में उसकी कीमत लेकर लाभ कमाता है। समुद्र के किनारे खड़े हुए व्यक्ति को जब मोती दिखाई दें तो उन्हें समेटकर कौन अपनी झोली भरना नहीं चाहेगा? उस समय यदि उसकी झोली में शंख और सीपियां होंगी तो उन्हें खाली कर मूल्यवान वस्तुएं भरना या त्याग की वृत्ति का परिचायक है? उसी प्रकार लोभ, मोह, क्रोध, वासना आदि क्षुद्रवृत्तियों को छोड़कर अपने स्वभाव में प्रेम, अहिंसा, क्षमा, परोपकार जैसे सद्‌गुणों को स्थान देना त्याग नहीं वरन एक प्रकार का लाभ है। मैंने तो कोई त्याग नहीं किया। इच्छाओं से मुक्ति पाकर त्याग का लाभ ही प्राप्त किया है। सेठजी के ये नीति वचन सुनकर जनता के प्रतिनिधियों को और कुछ कहने का साहस नहीं हुआ और वे नतमस्तक होकर चले गए।

## जीने की राह

# खुद पर यकीन हो तो कुछ भी मुमकिन

हर इंसान सफलता चाहता है। वह चाहता है कि उसे जिंदगी का हर सुख मिले। कोई भी औसत जिंदगी नहीं जीना चाहता। यकीन कीजिए कि आप पहाड़ हिला सकते हैं और आप वाकई ऐसा कर सकते हैं। ज्यादातर लोगों को यह यकीन ही नहीं होता कि उनमें पहाड़ हिलाने की क्षमता भी मौजूद है। इसका परिणाम यह होता है कि वे कभी कोशिश ही नहीं करते। आपने शायद किसी को यह कहते सुना होगा, 'यह सोचना बकवास है कि आप किसी पहाड़ को यह कहकर हिला सकते हैं, पहाड़, मेरे रास्ते से हट जाओ।' यह नामुमकिन है। जो लोग ऐसा सोचते हैं, उन्होंने आस्था और इच्छा के बीच के अंतर को ठीक से नहीं समझा है। यह भी सच है कि केवल इच्छा करने भर से आप लीडर नहीं बन जाते। परंतु यदि आपको अपनी सफलता का यकीन हो तो इस विश्वास के सहारे ही आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। 'मुझे विश्वास है कि मैं यह कर सकता हूं' वाला रवैया हमें वह शक्ति, योग्यता और ऊर्जा देता है जिसके सहारे हम कठिन से कठिन काम कर पाते हैं। हम देखते हैं कि युवा सफलता की चोटी पर पहुंचना चाहते हैं परंतु इनमें से ज्यादातर लोगों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे कभी चोटी पर पहुंच पाएंगे और इसी कारण वे चोटी पर नहीं पहुंच पाते। अगर आप यह मान लेते हैं कि चोटी पर पहुंचना असंभव है तो आप उन सीढ़ियों को नहीं ढूंढ पाएंगे, जिनके सहारे आप चोटी पर पहुंच सकते हैं। ऐसे लोग जिंदगी भर 'औसत' आदमियों की तरह ही व्यवहार करते रहते हैं। परंतु जिन्हें यह विश्वास होगा कि वे सफल हो सकते हैं, वे अपने काम के प्रति 'मैं करके दिखाऊंगा' वाला रवैया रखते हैं और इसी विश्वास के सहारे वे एक दिन ऊंचाइयों को छू लेते हैं। जिस व्यक्ति को विश्वास होता है कि वह काम कर लेगा, उसे उस काम को करने का तरीका भी सूझ जाता है।

# ओबीसी आरक्षण पर कैसे बढ़ेगी यूपी की गाड़ी, सुप्रीम कोर्ट से राहत की उम्मीद

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के ड्राफ्ट नोटिफिकेशन और एक शासनादेश को रद्द करते हुए ओबीसी रिजर्वेशन के बगैर जल्द से जल्द स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। संविधान में एससी/एसटी और महिलाओं के आरक्षण के लिए स्पष्ट प्रावधान हैं। लेकिन ओबीसी आरक्षण पर कई कानूनी पेच और विवाद हैं। हाईकोर्ट के अनुसार, यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट के बताए ट्रिपल टेस्ट फॉर्म्युले पर अमल करने में विफल रही है। संविधान के अनुच्छेद–141 के तहत सुप्रीम कोर्ट के फैसले राज्य सरकार पर बाध्यकारी हैं। एक और बाध्यता यह है कि संविधान के अनुच्छेद–243 के अनुसार पांच साल का टर्म खत्म होने से पहले चुनाव कराना जरूरी है। इन सबके बीच हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय आयोग के गठन के साथ योगी सरकार ने साफकर दिया है कि ओबीसी आरक्षण के साथ ही चुनाव होंगे।

### ट्रिपल टेस्ट थियरी

संविधान में 73वें और 74वें संशोधन से 1993 में गांवों और शहरों में पंचायती राज की शुरुआत हुई। वर्ष 2010 में सुप्रीम कोर्ट ने के कृष्णमूर्ति बनाम भारत सरकार मामले में पहली बार निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में ट्रिपल टेस्ट लागू किए जाने की बात कही। 2021 में शीर्ष अदालत ने विकास किशनलाल गवली बनाम महाराष्ट्र मामले के फैसले में ट्रिपल टेस्ट के तीन मापदंड बताए, जो इस तरह हैं।

–स्थानीय निकायों में ओबीसी वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति और पहचान की जांच के लिए राज्यों में आयोग का गठन हो।


–आयोग द्वारा शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं के अनुसार निकायवार तरीके से आरक्षण का पुनरीक्षण हो।

–अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के सभी वर्गों के लिए कुल आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा नहीं हो।

### जनगणना का सवाल

–इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार भी आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा नहीं हो सकता। लेकिन ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर शीर्ष अदालत के हालिया फैसले के बाद इस सीमा को पार करने का संवैधानिक रास्ता खुल गया है।

–तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड और महाराष्ट्र में आरक्षण के दायरे को बढ़ाने के लिए सरकारें विधानसभा से प्रस्ताव पारित करा रही हैं।



**संविधान में एससी/एसटी और महिलाओं के आरक्षण के लिए स्पष्ट प्रावधान हैं। लेकिन ओबीसी आरक्षण पर कई कानूनी पेच और विवाद हैं।**

–इन मामलों के समाधान के लिए जनसंख्या के वास्तविक आंकड़े चाहिए होंगे। केंद्र सरकार ने 2011 की जनसंख्या में पिछड़ेपन के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया है। संविधान के अनुसार, जनगणना का विषय केंद्र सरकार के अधीन आता है। लेकिन इन न्यायिक फैसलों की आड़ में बिहार से शुरू हो रही जातिगत जनगणना की पहल को अन्य राज्य भी अपना सकते हैं।

–उत्तर प्रदेश के 1994 के आरक्षण अधिनियम के तहत अनुसूची–1 में लगभग 79 वर्गों के नोटिफाइड ओबीसी को चुनावों में आरक्षण का लाभ मिलेगा। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की बात भी कही गई है।

–इंदिरा साहनी फैसले के बाद उत्तर प्रदेश में मार्च 1993 में पिछड़े वर्ग आयोग का गठन हुआ। उसके बाद 1996 में पिछड़े वर्ग आयोग के लिए कानून बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले की दुहाई देते हुए राज्य सरकार ने दावा किया कि आरक्षण की कुल लिमिट 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होने से ओबीसी को आरक्षण सही है।

–सरकार द्वारा 7 अप्रैल 2017 को जारी शासनादेश के अनुसार जून 2022 में सभी जिलाधिकारियों को ओबीसी की गणना और सर्वेक्षण के आदेश दिए थे। नगरपालिका चेयरमैन पदों के रोटेशन के बारे में सरकार ने कहा कि यदि इस बारे में कोई विशेष शिकायत हो तो उसका निराकरण किया जा सकता है।

### बढ़ेगी मुकदमेबाजी

यूपी में निकाय चुनावों पर हाईकोर्ट के फैसले के कुछ अन्य पहलू भी गौर करने लायक हैं।

–हाईकोर्ट ने फैसले के शुरुआती पैरे में संविधान के अनुसार समावेशी विकास और समानता से लोकतंत्र को मजबूत बनाने की बात कही है।

–हाईकोर्ट ने अनुच्छेद–15 (4) और 16 (4) में नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में आरक्षण को चुनावों के लिए अनुच्छेद–243–टी के तहत किए गए आरक्षण से अलग बताया। इससे सभी राज्यों में कई तरह की मुकदमेबाजी बढ़ेगी।

–स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने पर सरकार ने 12 दिसंबर को शासनादेश जारी करके इनके बैंक अकाउंट का नियंत्रण प्रशासकीय अधिकारियों को दे दिया था। हाईकोर्ट ने इसे रद्द करते हुए कहा है कि निकाय का कार्यकाल समाप्त होने पर बैंक खातों के लिए नई व्यवस्था बनेगी।

–इसके अनुसार जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी अथवा नगर आयुक्त और जिलाधिकारी द्वारा नामित जिला स्तर के किसी अधिकारी के तीन सदस्यों की समिति बैंक खातों का संचालन करेगी। लेकिन उस कमेटी को कोई नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार नहीं रहेगा।

–यह भी ध्यान देने लायक है कि पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों को सामान्य सीटें घोषित करते हुए चुनाव हुए तो बड़े पैमाने पर असंतोष बढ़ेगा।

–संवैधानिक प्रावधानों और हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार चुनावों को 31 जनवरी तक पूरा करना जरूरी है लेकिन उसके पहले आयोग की रिपोर्ट आना मुश्किल है। इसलिए कोर्ट से स्टे मिलना सरकार के लिए जरूरी है।

### कई राज्यों में मिली इजाजत

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का जिक्र किया जा सकता है, जहां ट्रिपल टेस्ट की शर्तों को पूरा नहीं करने पर चुनावों पर रोक लग गई थी, लेकिन उसके बाद राज्य सरकारों की अर्जी पर चुनाव कराने की सुप्रीम कोर्ट ने इजाजत दे दी। मध्य प्रदेश मामले में 1 हफ्ते बाद ही आदेश को मॉडिफाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछड़े वर्ग की प्रथम दृष्टया रिपोर्ट के आधार पर चुनावों की मंजूरी दी जाती है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने जो राहत दी थी, उनका यूपी मामले के फैसले में जिक्र नहीं है। इसी तरीके से बिहार में भी पटना हाईकोर्ट ने 4 अक्टूबर के आदेश में बदलाव करते हुए चुनाव कराने की अनुमति दे दी। इन तीनों संशोधित फैसलों, आयोग के गठन और ट्रिपल टेस्ट की शर्तों को पूरा करने का विवरण देकर यूपी सरकार हाईकोर्ट के आदेश में संशोधन की मांग कर सकती है।

# इस हिंसा को रोकें

केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू–कश्मीर के राजौरी इलाके में हुई ताजा आतंकी वारदात कई वजहों से ध्यान खींचती है। अव्वल तो यह किसी सार्वजनिक स्थान पर किया गया आतंकी हमला नहीं है। रविवार शाम दो बंदूकधारी गांव में घुस आए और मिले ब्योरे के मुताबिक उन्होंने आधारकार्ड चेक करने के बाद तीन घरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हुए। मगर मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। अगले दिन सुबह इन्हीं घरों के पास आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और पांच अन्य जख्मी हो गए। यह आतंकवादियों की बढ़ी हुई हिम्मत और सुरक्षा बलों की चूक का दोहरा संकेत है। स्वाभाविक ही इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों की ओर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। उनका यह डर बिल्कुल जायज है कि अब जब आतंकवादी घरों में घुसकर हमें मार रहे हैं तो हम इनसे बचने के लिए कहां जाएं। गौर करने की बात यह भी है कि जब भी आतंक की कोई बड़ी वारदात होती है तो सुरक्षा बल उस इलाके की घेराबंद करते, वहां गश्त बढ़ा देते हैं। उस पूरे क्षेत्र की अच्छे से खोजबीन की जाती है। अचरज की बात है कि अगर यह सब किया गया था तो उसके बाद भी रविवार शाम की वारदात के बाद अगली सुबह उन्हीं घरों के सामने आईईडी ब्लास्ट कैसे हो गया? और, यह कोई इकलौती वारदात नहीं है इस इलाके में। दो सप्ताह पहले ही राजौरी आर्मी कैंप के बाहर दो लोगों की हत्या की गई थी।

ध्यान रहे, राजौरी, जम्मू का ऐसा इलाका है जो आतंकवाद से काफी हद तक मुक्त माना जाता रहा है। विरोधी दलों ने स्वाभाविक रूप से इन घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है, लेकिन बात उनकी प्रतिक्रियाओं की उतनी नहीं है। जिस तरह से जम्मू–कश्मीर में आम लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, उसमें भले ही एक खास पैटर्न हो, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह कानून–व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। चाहे धारा 370 के तहत जम्मू–कश्मीर को मिला विशेष दर्जा समाप्त करने की बात हो या स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व को कटघरे में खड़े करने की या राष्ट्रपति शासन लागू करने की– इन सबके औचित्य का सबसे बड़ा आधार यही बताया जा रहा था कि इससे जम्मू–कश्मीर के लोगों का अलगाव खत्म होगा, उन्हें आतंकवाद के चंगुल से मुक्ति मिलेगी और इस पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। ऐसा नहीं है कि इन आधारों की प्रासंगिकता समाप्त हो गई है या इन कसौटियों पर केंद्र या प्रदेश प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो गया है। उसके प्रयास कई मामलों में सराहनीय रहे हैं। लेकिन आतंकवादी घटनाओं का जारी रहना उन पर पानी फेर सकता है।

# ट्रेंड स्टाफ से घरेलू काम क्यों कराते हैं अफसर

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन माई–बाप वाली सरकारी ठसक अब भी व्यवस्था के सिर चढ़ कर बोल रही है। मद्रास हाईकोर्ट का वह आदेश आए एक महीना भी नहीं गुजरा है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के जवान को साहब के घर अर्दली (नौकर) के काम से इनकार करने पर नौकरी से बर्खास्त करने के सरकारी आदेश को निरस्त किया गया है। इस बीच नोएडा में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के घर पर तैनात अर्धसैनिक बल के जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर आई है। 21वीं सदी की इसी व्यवस्था में आंबेडकर नगर के डीएम भूख से बेहाल भोजन मांगने वाले बाढ़ पीड़ितों को जोमैटो की सुविधा का ताना देने से नहीं चूकते।



### कोर्ट ने बताया शर्मनाक

मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश एस.एम. सुब्रह्मणयम ने प्रशिक्षित कर्मियों से नौकरों (अर्दली) जैसा काम लेने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जिन प्रशिक्षित जवानों से अधिकारी घरों में दोसा–चपाती बनवाएंगे उनसे बंदूक चलाने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? न्यायाधीश ने सरकार से इस चलन पर तुरंत रोक लगाने को कहा। न्यायालय ने तो अर्दली का काम करने वाले जवान का वेतन संबंधित अधिकारी से तुरंत वसूलने के भी आदेश दिए हैं। हालांकि कहने को विभाग से सामंतवादी अर्दली व्यवस्था 2008 में ही समाप्त कर दी गई है, पर हकीकत में अब भी कई विभागों में यह बदस्तूर कायम है। अगस्त में इसी न्यायालय ने एक अन्य मामले में तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य ने अर्दली व्यवस्था 1979 में समाप्त करने की घोषणा की थी पर अब भी यह व्यवस्था राज्य पुलिस में जारी है।

### सरकार करती है भुगतान

अधिकारियों के घर खाना बनाने, कपड़े धोने, बच्चों को स्कूल छोड़ने, पालतू जानवरों की देखभाल करने और बाग–बगीचों की देखभाल करने वाले प्रशिक्षित अर्दली को बाकायदा भुगतान होता है। वैसे तो अर्दली व्यवस्था का चलन ब्रिटिश राज के समय 1860 से चला आ रहा है। औपनिवेशिक माहौल में फिर भी यह समझा जा सकता है। उस दौरान संचार तंत्र भी विकसित नहीं था। लेकिन विडंबना ही कहेंगे कि आजादी के बाद भी इसे रोकने की तत्परता नहीं दिखाई गई। बहरहाल, केंद्र सरकार ने देश की पुलिस से जुड़ी समस्याओं का अध्ययन करने के लिए वर्ष 1977 में राष्ट्रीय पुलिस आयोग (एनपीसी) का गठन किया। आयोग की रिपोर्ट में अधिकारी को सुरक्षा और विभिन्न परिस्थितियों में सहयोग–सहायता देने के साथ संदेश देने–लेने, कार्यालय की व्यवस्था की देख–रेख से संबंधित कार्य वर्गीकृत किए गए हैं।

### रिपोर्ट में की गई है निंदा


आयोग ने 1980 में संसद में दाखिल पहली रिपोर्ट में वर्दीधारी प्रशिक्षित जवानों से घरों में खाना बनवाने और कपड़े धुलवाने जैसे काम लेने की कड़ी आलोचना की गई। आयोग ने पुलिस विभाग से अर्दली व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करने की सिफारिश करते हुए कार्यालय संबंधी कार्यों के लिए ही प्रशिक्षित जवान नियुक्ति करने की सिफारिश की। उसने अधिकारी वर्ग के निजी कार्यों के लिए उन्हें मासिक भत्ता देने की सिफारिश की ताकि वे अर्दली के स्थान पर निजी सहायक रख लें।

### इसी प्रकार दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग और छठे वेतन आयोग ने क्रमशः

2006 और 2008 में केंद्र सरकार से अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने की सिफारिश की। इसी संदर्भ में, वर्ष 2013 में एम वेंकैया नायडु के नेतृत्व में गृह मंत्रालय की संसदीय स्थायी सीमिति ने अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने की सिफारिश की और इस व्यवस्था को ब्रिटिश काल की भयावह याद दिलाने वाला बताया। साथ ही, प्रशिक्षित जवानों से अर्दली के रूप में सेवाएं लेने को अनुचित ठहराया। गृह मंत्रालय ने इस पर कार्यवाही करते हुए समिति को सूचित किया कि अर्दली व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। इसी तरह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे कई राज्यों ने सामंतवादी अर्दली व्यवस्था के कड़े विरोध को देखते हुए इस पर रोक लगा दी। लेकिन हकीकत यही है कि इन औपचारिक आदेशों के बावजूद यह सामंतवादी व्यवस्था सभी सरकारी संस्थाओं से पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकी है। व्यवहार में अलग–अलग रूपों में यह अब भी कई जगहों पर चलती दिख जाती है।

## दैनिक पंचांग

04 जनवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.29 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.15 बजे से |
| मंगल | वृष में | मीन | 10.48 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.19 बजे से |
| गुरु | मीन में | वृष | 13.59 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.57 बजे से |
| शनि | मकर में | कर्क | 18.10 बजे से |
| राहु | मेष में | सिंह | 20.27 बजे से |
| केतु | तुला में | कन्या | 22.38 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | तुला | 00.49 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.04 ब.से |
| | | धनु | 05.20 बजे से |

बुधवार 2023 वर्ष का चौथा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु हेमन्त।
विक्रम संवत् 2079 शक संवत् 1944
मास पौष पक्ष शुक्ल
तिथि त्रयोदशी 00.01 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र रोहिणी 18.49 बजे को समाप्त। योग शुभ 07.06 बजे को समाप्त। करण कौलव 11.00 बजे तदनन्तर तैतिल 00.01 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 11.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 22° 46'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871483
जूलियन दिन 2459948.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना जमादि उस्सानी
तारीख 11
विशेष प्रदोष व्रत, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आपका राशिफल 04 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अध्ययन–अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान–विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग–दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक–3–5–6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद–विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक–3–4–6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान–पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक–3–5–6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान–सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक–4–6–8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक–6–7–9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़–तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः–शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक–4–6–8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान–पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक–6–8–9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक–2–4–6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक–1–4–6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक–6–8–9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक–3–6–8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक–2–4–6

## प्रसंगतः शिष्यों की परीक्षा

एक गुरु के दो शिष्य थे। दोनों गुरु के पास रहकर शास्त्रों की शिक्षा ग्रहण करते थे। एक दिन गुरु ने उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया। उन्होंने एक शिष्य को बुलाकर पूछा, 'बताओ, यह जगत कैसा है?' शिष्य ने कहा, 'गुरुदेव, यह तो बहुत बुरा है। चारों तरफ अंधकार ही अंधकार है। आप देखें, दिन एक होता है और रातें दो। पहले रात थी। अंधेरा ही अंधेरा छाया था। फिर दिन आया और उजाला हुआ। लेकिन पुनः रात आ गई अंधेरा छा गया। एक बार उजाला, दो बार अंधेरा। अंधेरा अधिक, प्रकाश कम। यह है जगत।' गुरु ने उस शिष्य की बात सुनने के बाद दूसरे शिष्य से भी यही प्रश्न पूछा। दूसरा शिष्य बोला, 'गुरुदेव, यह जगत बहुत ही अच्छा है। यहां चारों ओर प्रकाश ही प्रकाश है। रात बीती उजाला हुआ। सर्वत्र प्रकाश फैल गया। रोशनी आती है तो अंधकार दूर हो जाता है। वह सबकी मुंदी हुई आंखों को खोल देता है, यथार्थ को प्रकट कर देता है। कितना सुंदर और लुभावना है यह जगत कि जिसमें इतना प्रकाश है। देखता हूं, दिन आया, बीता। फिर दिन आ गया। इस प्रकार दो दिनों के बीच एक रात। प्रकाश अधिक, अंधकार कम।' गुरु ने फिर दोनों शिष्यों को बुलाकर कहा, 'यह जगत अपने आप में कुछ नहीं है। यह वैसा ही दिखता है जैसा हम इसे देखते हैं।' उन्होंने पहले शिष्य को दूसरे शिष्य की बात बताई और कहा, 'अगर हम इसे सकारात्मक दृष्टि से देखेंगे तो यह हमें बहुत सुखद लगेगा। इसलिए तुम अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाओ।'

आर एन आई (टी सी) नं- JHAHIN01027,स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ सिकन्दर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखण्ड देखो कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित, प्रधान संपादक डॉ सिकन्दर कुमार, मोबाइल नं-9955599136( इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

# उम्रानुसार किया मेकअप बढ़ाए शान



**उम्र** बढ़ना तो प्रकृति की देन है जिससे आप मुंह नहीं मोड़ सकते। बढ़ती उम्र के साथ अपने स्वास्थ्य और सुंदरता का ध्यान रखना हमारे हाथ में है। जवानी की उम्र में तो प्राकृतिक सुंदरता होती है। यदि थोड़ी-सी समझदारी बरती जाए तो सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं। बढ़ती उम्र में उम्रानुसार किया मेकअप व्यक्तित्व की शान बढ़ाता है।

उम्र के अनुसार दिन में मेकअप हल्का और नैचुरल होना चाहिए। अधिक मेकअप मजाक उड़वाने का जरिया (कारण) बन सकता है। कई लोगों की त्वचा पर कोई दाग आदि नहीं होता। जिन लोगों की त्वचा दागरहित हो और देखने में अच्छी लगती हो, उन लोगों को फाऊंडेशन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। यदि कभी करना भी पड़े तो लिक्विड फाऊंजेशन ही लगाएं।

चेहरे पर दाग-धब्बे होने पर उन्हें मेकअप से छिपाना समझदारी है। ऐसे में आप पतले ब्रश की सहायता से त्वचा से मेल खाता फाऊंडेशन लगा सकते हैं। दिन के समय होंठों पर हल्के रंग की लिपस्टिक लगाएं। कभी-कभी होंठों पर लिपग्लॉस का प्रयोग भी करते रहें।

रात्रि को पार्टी या समारोह में जाते समय मेकअप पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रात्रि के समय आप होंठों पर चटख रंग की लिपस्टिक का प्रयोग कर सकती हैं लेकिन मैरून और डार्क ब्राऊन रंग की लिपस्टिक का प्रयोग कम से कम करें।

रात्रि में गालों पर ब्लशर का प्रयोग किया जा सकता है परंतु ध्यान रखें ब्लशर का अधिक प्रयोग आपको हंसी का पात्र बना सकता है। इस प्रकार खास उम्र में खास मेकअप का ध्यान रख कर आप अपनी समझदारी का परिचय दे सकती हैं।

# पार्टी से पहले बॉडी को लाएँ शेप में

**जो** लोग लगातार एक्सरसाइज करते हैं, उनके लिए किसी खास दिन कुछ विशेष तरह की ड्रेसिंग के लिए यदि अपनी बॉडी को शेप करना है तो ज्यादा मुश्किल नहीं आती है। कई बार तो हल्की-फुल्की एक्सरसाइज से ही अपने शरीर को आकार दिया जा सकता है। आजकल सेलिब्रिटी सर्कल में इस तरह की एक्सरसाइज और डाइट रूटीन बहुत आम चलन हो चला है।

> यदि आप पार्टी से पहले अपने पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं तो खाली पेट 15 दफा कपालभाति करें

कई तरह की कार्डियो और सर्किट एक्सरसाइज होती है जिनकी मदद से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम कर सकते हैं, लेकिन यदि कोई कभी भी एक्सरसाइज नहीं करता है और एक दिन वो यह तय करे कि किसी शाम की पार्टी के लिए उसे अपने शरीर को आकार देना है तो... ? उसके लिए रूटीन की एक्सरसाइज इसमें मदद नहीं करेगी। इसके लिए तो आपको पसीना बहाना ही होगा।

किसी भी पार्टी में अच्छा दिखना इन दिनों सबसे पहली प्राथमिकता होती जा रही है। अब तक तो ये सिर्फकपड़ों और मेकअप पर काम करने से भी चल जाता था, लेकिन इन दिनों ये मामला इससे आगे बढ़कर बॉडी को शेप देने तक चला गया है।

फिटनेस विशेषज्ञों का कहना है कि सेलिब्रिटीज और मॉडल कभी-कभी खूबसूरत कपड़ों के लिए खाना तक छोड़ देते हैं (हालाँकि ऐसा करना गलत है)। एक्सरसाइज जैसे साइकलिंग, जॉगिंग और कुछ पारंपरिक तरीकों से अपने शरीर की चर्बी पर काम करते हैं, जो पार्टी की शाम उनके शरीर को ज्यादा आकर्षक बना सके। विशेषज्ञों के अनुसार कमर की चर्बी कम करना अपेक्षाकृत आसान है। यहाँ तक कि साधारण व्यायाम जैसे क्रंचेस, योग और कपालभाति तक का असर कमर की चर्बी पर नजर आने लगता है। फिटनेस ट्रेनर अरशद का कहना है कि - 'यदि आप पार्टी से पहले अपने पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं तो खाली पेट 15 दफा कपालभाति करें, ये बहुत असरकारक है। इससे पेट की चर्बी एक से आधा इंच तक कम होगी और ये एक्सरसाइज तुरंत असर दिखाती है। इसके साथ ही कपालभाति आपके डाइजेशन सिस्टम के लिए भी ठीक होता है, क्योंकि पार्टी के दौरान यूँ भी भारी खाना खाया जाता है। ये उन लोगों के लिए ज्यादा कारगर है जो मुश्किल व्यायाम नहीं करना चाहते हैं।'

दक्षिण के स्टार्स के फिटनेस एक्सपर्ट जॉन पिंटो का कहना है कि पार्टी में दुबले दिखने के लिए खाना छोड़ने का कोई तुक नहीं है। उसके बजाय फल और प्रोटीन वाली डाइट लें। ताजे फलों का रस और प्रोटीनयुक्त खाना जहाँ एक तरफ आपके एनर्जी लेवल को बनाए रखता है, वहीं ये पार्टी के दौरान खाए जाने वाले फैटी खाने से बढ़ने वाली चर्बी पर भी नियंत्रण रखता है। इसके साथ ही नट्स, बादाम और ताजे फल त्वचा और शरीर को स्वस्थ रखने का भी काम करते हैं। इस तरह की दिनचर्या से शरीर में पानी की कमी की समस्या से भी निजात मिलेगी, लेकिन बात फिर वहीं, ये सब उनके लिए है, जिनकी दिनचर्या में एक्सरसाइज शामिल है।



# इन्हें भी आजमाइए

- मुरब्बा बनाने के लिए फलों को उबालते समय इसमें चुटकी भर नमक डाल दें तो मुरब्बा अधिक स्वादिष्ट बनेगा। ज्यादा समय तक सही-सलामत भी रहेगा।
- टमाटर का सूप बनाते समय इसमें चुटकी भर पिसा हुआ पुदीना डाल दें। इससे सूप का जायका और भी बढ़ जाएगा।



- लहसुन छीलते समय अगर इसका छिलका आसानी से नहीं उतरता तो लहसुन की फांकों पर हल्का-सा तेल मल लें। अब छिलका आसानी से उतर जाएगा।
- गेहूं, दाल, चावल इत्यदि खाद्यान्न को कीड़ों से बचाने अथवा संरक्षित रखने के लिए इनमें कीटनाशक गोलियां अथवा दवाइयां डालने की बजाय नीम की कुछ सूखी हुई पत्तियां डाल दें। इससे खाद्यान्न में कीड़ा नहीं लगेगा।
- अगर आप घर में अचार तैयार कर रही हैं तो प्रति एक किलोग्राम अचार में एक ग्राम सोडियम बेंजिएट डाल दें। इससे अचार जल्दी खराब नहीं होगा।
- कच्चे आलुओं के ताजा चिप्स बनाना चाहें तो आलू काट कर इन्हें तलने से पूर्व कुछ देर के लिए फिटकरी मिले पानी में डाल दें। अब चिप्स बेहद कुरकुरे तथा बिल्कुल सफेद बनेंगे।
- कॉफी बनाते समय अगर यह ज्यादा कड़वी हो गई है तो इसमें चुटकी भर नमक डालें। इससे कॉफी की कड़वाहट कम हो जाएगी।

# चिल्ड सैफरॉन आइस्क्रीम



**सामग्री:** बादाम-125 ग्राम, केसर-1 चुटकी, कंडेंस्ड मिल्क-आधा टिन, क्रीम-आधा कप, दूध-1 लीटर, चीनी-9 बड़े चम्मच, कॉर्नफ्लोर-2 चम्मच, इलायची (पिसी हुई) बादाम के टुकड़े- 1 बड़ा चम्मच।

**विधि:** बादाम को रातभर भिगोएँ। सुबह छिलका हटाकर बारीक पीस लें। धीमी आँच पर दूध गरम करें। मिल्क मेड मिला दें। आधा रह जाए तो चीनी, केसर और कार्नफ्लोर मिलाकर चलाते रहे। बादाम और इलायची डाल दें। ठंडा होने पर क्रीम मिलाकर मिक्सर में खूब फेंटे और जमने के लिए फ्रीजर में रख दें। आधी जम जाए तो निकालें और एक बार फिर फेंट दें और फ्रीजर में रख दें। जमने पर सर्व करें। कटे बादामों से सजा दें।

# आँखें भी चाहती हैं देखभाल



**हमारी** आँखों के आसपास की त्वचा बहुत पतली और अति-संवेदनशील होती है। आँखों की गतिशीलता यहाँ की त्वचा को और भी विशिष्ट बनाती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि 10 हजार मूवमेंट प्रतिदिन अकेले पलक झपकाने के ही होते हैं। इसके अतिरिक्त चेहरे की दूसरी गतिविधियाँ और भाव जैसे मुस्कुराना भी आँखों के आसपास की त्वचा को प्रभावित करता है। इस तरह लगातार गतिशीलता से आँखों के आसपास की त्वचा झुर्रियों की ओर प्रवृत्त होती है और यह संक्रमण के प्रति भी अति-संवेदनशील होती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आँखों के आसपास की त्वचा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जाए।

## ज़्या किया जाना चाहिए?

- आँखों के आसपास अक्सर काले घेरे, दाग-धब्बे और झुर्रियाँ उभर आती हैं। इनसे बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएँ, क्योंकि पानी त्वचा में लचीलापन बनाए रखने में मदद करती है।
- तेज धूप से बचें। सूर्य की पराबैंगनी किरणों से भी त्वचा को नुकसान पहुँचता है। धूप से बचने के लिए अच्छी क्वॉलिटी के चश्मे और सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
- खाने में नमक की मात्रा कम करें। अधिक नमक से वॉटर रिटेंशन होता है, जिससे आँखों के आसपास की त्वचा फूल जाती है।
- थकान की वजह से भी आँखों के आसपास की त्वचा कांतिहीन हो जाती है। अतः पर्याप्त नींद लें।
- आँखों के आसपास की त्वचा को सूखने से बचाने के लिए हमेशा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। ऐसा मॉइश्चराइजर लगाएँ जिसमें लेनोलिन और हायल्यूरोनेट हो। ये दोनों ही आँखों के आसपास की त्वचा के लिए लाभदायक हैं।
- धूम्रपान छोड़ें। निकोटिन आँखों के आसपास की रक्त वाहिनियों को सिकोड़ देती है, जिससे आँखों के आसपास की त्वचा तक पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व नहीं पहुँच पाते और काले घेरों का खतरा बढ़ जाता है।
- शराब के सेवन से बचें। ज्यादा शराब पीने से त्वचा में नमी कम हो जाती है।
- आँखों के लिए कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल कम से कम करें और अच्छी क्वॉलिटी के कॉस्मेटिक्स का ही इस्तेमाल करें।
- आँखों को रगड़ें नहीं।

## समस्याएँ और समाधान

आँखों के आसपास की त्वचा पर्यावरण प्रदूषण, धूप और धुएँ से भी प्रभावित होती है। इस वजह से निम्न समस्याएँ हो सकती हैं :

- बारीक लकीरें : ये सामान्यतः 35 की उम्र से नजर आने लगती हैं। ये झुर्रियों से अलग होती है। ये लकीरें तब दिखाई देने लगती हैं, जब त्वचा में कोलेजन सपोर्ट कम होने लगता है। कोलेजन के बनने की प्रक्रिया को तेज करना इस समस्या का सबसे अच्छा हल हो सकता है। ग्लायकोलिक एसिड या रेटीनोल वाली क्रीम इसमें मदद कर सकती है, लेकिन इससे आँखों के आसपास कई बार जलन होने लगती है। ऑलिगोपेप्टाइड्स वाली क्रीम भी इससे निजात दिला सकती है। हायल्यूरोनिक एसिड फिलर भी उपयोगी हैं।
- आई बैग्स : जब आँखों के नीचे की त्वचा झोल खाती है, तब आई बैग्स नजर आने लगते हैं। ये अंडर-आई फैट पैड को टिश्यू सपोर्ट कम हो जाने का परिणाम होते हैं। इससे बचने के लिए ज्यादातर तो प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लिया जाता है, क्योंकि इसका दूसरा कोई इलाज नहीं है।
- सूजी हुई आँखें : पानी के जमाव की वजह से आँखें सूजी हुई-सी नजर आने लगती हैं। इसका कारण एलर्जी हो सकती है, लेकिन नमक की ज्यादा मात्रा या फिर मेटाबॉलिक वजहों से भी ऐसा हो सकता है। यदि आपको किसी तरह की एलर्जी है, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।
- काले घेरे : ये आँखों के आसपास पिगमेंटेशन के कारण होते हैं। ये या तो आनुवांशिक होते हैं या फिर थकान के कारण भी होते हैं। इनसे निबटना थोड़ा मुश्किल होता है, क्योंकि इसके लिए संपूर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखना होता है। इसके साथ ही हायड्रोक्विनोन, कोजिक एसिड या फिर विटामिन सी युक्त लाइटनिंग सीरम का इस्तेमाल कारगर होगा।
- क्रो फीट : ये आँखों के आसपास लाफलाइन होती है। इसका बोटॉक्स से इलाज किया जा सकता है।

# हेल्थ प्लस

क्या आप अपने बच्चों की किसी बदमाशी से नाराज होकर उन पर हाथ उठा देती हैं? अगर हां, तो जरा इन 5 वजहों पर गौर करें, जो आपको अपने बच्चे पर हाथ उठाने की आदत पर लगाम लगा देगा। संभवतः आप बच्चे को अनुशासन सिखाने के लिए ऐसा कर रही हों, लेकिन जाने-अनजाने ही आप उनमें बुरी आदतें ही अंकुरित कर रही हैं। आपकी मार का असर बच्चों को किस दिशा में ले जा रहा है, इस पर गौर करें-

## पिंकी को पीटने से पहले

**बच्चों में हाथ उठाने की आदत :** अगर आप बच्चे को पीट रही हैं, तो बच्चा भी आपसे मारने की आदत सीख जाता है। हो सकता है, उसकी किसी शैतानी को देख आप आपे से बाहर हो गई हों और आपने अपना हाथ उस पर छोड़ दिया हो। आपकी मार का फौरी असर तो ये होगा कि बच्चा डर के मारे शैतानी करना बंद कर देगा, लेकिन उसके दिमाग में ये बात बैठ जाएगी कि किसी को मारने- पीटने से किसी के अंदर डर पैदा किया जा सकता है। बच्चे में आपराधिक प्रवृत्ति का बीजारोपण यहीं से शुरू हो जाता है। असल में, प्रकृति का ही यह नियम है कि बच्चे आस-पास के माहौल से ही व्यावहारिकता सीख जाते हैं और मारपीट का माहौल उन्हें बचपन से ही गलत राह पर ले जाते हैं।

**कैसा हो आपका व्यवहार :** अगर बच्चे की शैतानी पर आपको गुस्सा आता हो, तो बेहतर है कि आप अपने गुस्से पर काबू रखकर उसे सही रास्ते पर चलना सिखायें। उन्हें सही और गलत का भेद करना सिखायें।

**बुरी आदतों की शुरुआत :** कई बार हम बच्चे की गलत आदत पर उसे ये कहकर डांट देते हैं, 'दिस इज बैड हैबिट' यानी ये बुरी आदत है। 'ऐसा मत करो।' लेकिन असल में हम ही इस बात को भूल जाते हैं कि बच्चा अपनी उम्र के हिसाब से ही काम करता है। उसे जो चीज जैसी मिलेगी, वो उस पर वैसा ही रिएक्ट करेगा। असल में, हम बच्चों की बेसिक नीड्स यानी मौलिक जरूरतों को ठीक से समझ ही नहीं पाते। बच्चे को अच्छी नींद देना, उसे अच्छा और पौष्टिक आहार देना, उसके स्वास्थ्य का ख्याल रखना इस सब चीजों के अलावा भी बच्चों पर लगातार ध्यान देना भी जरूरी है। यानी अगर बच्चा कोई गलत काम कर रहा है तो जाहिर है, आपका ध्यान बच्चे से हटा है तभी वह गलत काम कर रहा है और फिर उसे आप पीट भी देती हैं।

**कैसा हो आपका व्यवहार :** आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल में माता- पिता के लिए बच्चों पर लगातार निगाह रखना संभव नहीं है, लेकिन जितना भी वक्त आप बच्चे के साथ हैं, बच्चे पर ही ध्यान दें। तब टीवी सीरियल्स, फोन कॉल्स, मैगजीन, गप्पें सारे काम बच्चे के सोने के बाद ही करें।

**बच्चों में सहनशीलता की कमी :** आप अपना धैर्य खोकर बच्चे को पीट देती हैं। यही प्रवृत्ति बच्चे में स्वाभाविक तौर पर आ जाती है। आप यकीन करें या न करें, लेकिन सहनशीलता की कमी व्यक्ति में इंसानियत की भावना को खत्म कर देती है। बचपन में भले ही वे छोटी-छोटी बात पर गुस्सा करे, जिसे आप नजरअंदाज कर देंगी या फिर उस पर भी उसे सजा देंगी, लेकिन यही गुस्सा बड़े होने पर ये समाज के लिए घातक है।

**कैसा हो आपका व्यवहार :** बच्चों को सहनशील बनाने से पहले स्वयं सहनशील बनें। उन्हें प्यार से समझायें, उन्हें उनकी गलती से सबक लेने दें, ताकि बच्चा स्वयं ही उस गलती को दुबारा न करे। इस तरह से आप बच्चे को भविष्य की मुश्किलों का धैर्य के साथ सामना करना भी सिखाएंगी।



**सजा दें या फिर बच्चे को बिगाड़ें :** अंग्रेजी में एक कहावत है, या तो बच्चे को छड़ी से सुधारें या फिर उसे बिगड़ने को यूं ही छोड़ दें। दोनों ही स्थितियां घातक हैं। बच्चे में अनुशासनहीनता की ये नौबत आने ही न दें।

**कैसा हो आपका व्यवहार :** समय रहते ही बच्चे में अच्छे संस्कार डालें, नहीं तो एक बार हालात काबू से बाहर हो गये, तो उन्हें सुधारना ज्यादा कठिन होता है। इसके लिए बच्चे को पूरा समय देना जरूरी है ताकि बच्चा खुद को अकेला औ र उपेक्षित महसूस न करे।

**अभिभावक के प्रति सम्मान खोना :** मारने- पीटने से बच्चा कुछ वक्त के लिए भले ही आपसे डर जाए, लेकिन उसके भीतर आपके प्रति सम्मान और प्यार, दोनों खत्म होता जाएगा। और ये हालात बड़े होने पर मां-बाप और बच्चे के बीच के संबंधों को कमजोर बना देता है। आज जिस तरह से आप उस पर झिड़कती हैं, गुस्सा करती हैं, हाथ उठा देती हैं, कल बड़ा होने पर वह भी आपके साथ ऐसा ही व्यवहार कर सकता है। समझने की जरूरत है कि जैसे आपका स्वाभिमान होता है, उसी तरह हर बच्चे में उसका स्वाभिमान होता है। आपका कड़ा रवैया उसे चोट पहुंचाता है।

**कैसा हो आपका व्यवहार :** बच्चे के स्वाभिमान को समझें। उसके साथ हमेशा प्यार से पेश आयें, नहीं तो कल यही बच्चा आपके साथ ही बुरा व्यवहार करेगा।

# लहसुन-प्याज खाओ, 'लोहा' लो!

**सें ट्रल** फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए शोधों में यह पता चला है कि लहसुन और प्याज में मौजूद कुछ यौगिकों से अनाज से आयरन और जिंक ग्रहण करने की क्षमता सात गुना अधिक बढ़ जाती है। लहसुन और प्याज सल्फर यौगिकों के मुख्य स्रोत हैं, जो कि भोजन से जिंक और आयरन को अधिक ग्रहण करने में सहायक हैं। यह वृद्धि 50 से 70 प्रतिशत होती है। यदि आप करी में लहसुन-प्याज का छोंक लगाते हैं तो वह स्वादिष्ट होने के साथ आपके लिए सेहतमंद भी होगी।



# एवेंजर्स फेम एक्टर जेरेमी रेनर के साथ बड़ा हादसा हुआ: घर के बाहर बर्फ हटाते हुए जख्मी हुए, क्रिटिकल कंडीशन में एयरलिफ्ट किए गए

**हॉलीवुड** के फेमस एक्टर और एवेंजर्स सीरीज से पॉपुलर हुए जेरेमी रेनर का न्यू ईयर के दिन भीषड़ एक्सीडेंट हो गया। वो अपने घर के बाहर जमी बर्फ हटा रहे थे, इसी दौरान उनके साथ हादसा हो गया। हादसा इतना भीषड़ था कि उन्हें एयरलिफ्ट करके हॉस्पिटल ले जाना पड़ा।

बताया जा रहा है कि उनकी हालात क्रिटिकल है। एक्सीडेंट के पता चलते ही फैंस उनकी सलामती की दुआ मांग रहे हैं। उनकी फैमिली फिलहाल हॉस्पिटल में उनके साथ है और उन्हें हर संभव इलाज देने की कोशिश की जा रही है।

### घर के बाहर बर्फ हटाते हुए हादसा हुआ

जेरेमी रेनर अमेरिका के रेनो के रहने वाले हैं। उनका घर माउंट रोज-स्की टेहो के नजदीक है। इस इलाके में भारी बर्फबारी हुई थी। इस बर्फबारी की वजह से नॉर्थ नेवादा में करीब 35 हजार घरों में बिजली प्रभावित हुई थी और उन्हें ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा था।

जेरेमी रेनर अपने घर के बाहर जमी बर्फ को हटाने के लिए निकले थे, तभी उनके साथ ये हादसा हो गया। वो इस हादसे में बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तत्काल एयरलिफ्ट करके हॉस्पिटल ले जाया गया जहां ताकि उन्हें कम समय में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

### जेरेमी रेनर ने अपने सोशल मीडिया पर इन तस्वीरो को शेयर किया है

उन्होंने कुछ दिन पहले अपने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की थी जिसमें वो चारो तरफ से बर्फ से घिरे हुए थे। फोटोज में देखा जा सकता है कि कैसे बड़े-बड़े मशीनों से बर्फ को हटाया जा रहा है।

### हॉकआई का रोल करने के लिए जाने जाते हैं

जेरेमी रेनर के स्पोक्सपर्सन का कहना है कि फिलहाल उनकी हालत क्रिटिकल है लेकिन स्थिर है। बता दें कि जेरेमी रेनर की पूरी दुनियाभर में फैन फॉलोविंग है। वो मॉर्वेल की एवेंजर्स सीरीज में हॉकआई का रोल करते हैं।

हॉकआई का किरदार निभाने की वजह से उन्हें काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। पिछले साल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उनके किरदार हॉकआई का स्पिन ऑफ स्ट्रीम हुआ था। इस सीरीज में वो लीड एक्टर के तौर पर दिखाई दिए थे।

इंडिया में भी उनके अच्छे खासे चाहने वाले हैं। जेरेमी रेनर पिछले साल मई में इंडिया आए थे। उन्होंने अनिल कपूर के साथ मिशन इम्पॉसिबल-घोस्ट प्रोटोकॉल' में काम किया था।



### ऑस्कर के लिए हो चुके हैं नॉमिनेट

47 साल के जेरेमी रेनर हॉलीवुड के वर्सटाइल एक्टर्स में से एक माने जाते हैं। उन्हें 2010 में फिल्म द हर्ट लॉकर के लिए ऑस्कर में बेस्ट एक्टर की कैटेगरी के लिए नॉमिनेट किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें फिल्म द टाउन के लिए बेस्ट सपोर्टिंग रोल के लिए नॉमिनेशन मिला था।

जेरेमी रेनर फिलहाल पैरामाउंट प्लस पर टेलिकास्ट होने वाले शो मेयर ऑफ किंग्सटन में दिखाई दे रहे हैं।

# नहीं रहीं बंगाली सिंगर सुमित्रा सेन: 89 साल की उम्र में हुआ निधन, सीएम ममता बनर्जी ने जताया दुख

**रविंद्र** संगीत की लेजेंड्री सिंगर सुमित्रा सेन का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार (3 जनवरी) को कोलकाता स्थित अपने घर पर आखिरी सांस ली। सुमित्रा ब्रोंको-निमोनिया से पीड़ित थीं और उन्हें 29 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि तीन दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उनकी दोनों बेटियां उन्हें उनके घर ले आई थीं। इसके बाद 2 जनवरी को उनकी हालत बिगड़ गई और 3 जनवरी की सुबह उनका निधन हो गया।



### ममता बनर्जी ने दी श्रद्धांजलि

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुमित्रा सेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं सुमित्रा सेन के आकस्मिक निधन से बहुत दुखी हूं, जिन्होंने दशकों तक ऑडियंस को मंत्रमुग्ध किया। मेरे उनके साथ करीबी संबंध थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2012 में उन्हें संगीत महासम्मान से सम्मानित किया था। उनके निधन से संगीत जगत को बहुत बड़ा नुक्सान हुआ है। सुमित्रा दी की बेटियों इंद्राणी और श्रावणी तथा उनके फैंस के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।'

### सुमित्रा ने अपने करियर में गाए किए हिट सॉन्ग्स

सुमित्रा की बेटी श्रावणी सेन ने एक सोशल मीडिया के जरिए ये दुखद खबर फैंस के साथ शेयर की है। सुमित्रा ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मां आज सुबह हमें छोड़कर चली गईं।' सुमित्रा ने अपने करियर में कई हिट गाने गाए, जैसे 'मेघ बोलेछे जाबो जाबो', 'तोमरी झरने निरंजन', 'सखी भाबोना कहारे बोले', 'अच्छे देखो अच्छे मृत्यु' आदि।

# तारा सुतारिया से अलग हुए आदर जैन!: आपसी सहमति से हुआ ब्रेकअप, 4 साल तक एक-दूसरे को किया डेट

**एक्ट्रेस** तारा सुतारिया अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। खबरें हैं कि तारा का अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदर जैन से ब्रेकअप हो गया है। भले ही तारा और आदर ने कभी भी अपने प्यार को कबूल ना किया हो, लेकिन दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ फोटोज शेयर किया करते थे। इसी बीच अब खबरें हैं कि दोनों ने अपने रास्ते हमेशा-हमेशा के लिए अलग कर लिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक तारा सुतारिया और आदर जैन का ब्रेकअप हो चुका है। कपल ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। ब्रेकअप के बाद भी कपल अच्छे दोस्त की तरह रहेगा।

रिलेशनशिप के रूमर्स के बाद से ही तारा कपूर फैमिली के साथ हर छोटे बड़े फंक्शन में शामिल हुआ करती थीं। लेकिन काफी लंबे समय से उन्हें आदर के साथ नहीं देखा गया। तारा न तो आलिया-रणबीर की शादी में नजर आईं और न ही कपूर फैमिली की क्रिसमस पार्टी पर दिखीं। काफी समय से दोनों को एक साथ स्पॉट भी नहीं किया है, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि तारा और आदर एक-दूसरे से अलग हो गए हैं।

### 2018 में पहली बार मिला था कपल

बता दें कि आदर और तारा की मुलाकात दिवाली पार्टी पर हुई थी। दोनों कॉमन फ्रेंड के जरिए मिले थे, इसके बाद अक्सर कई मौकों पर कपल को साथ स्पॉट किया गया। करीब 4 साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद आदर और तारा ने अलग होने का फैसला लिया।



# हनी सिंह ने गर्लफ्रेंड के साथ सेलिब्रेट किया न्यू ईयर: रोमांटिक वीडियो शेयर कर लिखा- ये लवर्स का सीजन है, हेटर्स का नहीं

**सिंगर** और रैपर यो यो हनी सिंह ने नए साल की शुरूआत अपनी गर्लफ्रेंड टीना ठडानी के साथ की है। इस खास मौके पर हनी ने टीना के साथ एक रोमांटिक वीडियो शेयर कर फैंस को न्यू ईयर विश किया है। इस वीडियो में हनी सिंह अपनी लेडी लव टीना के लिए 'मेरी जान...मेरी जान' गाना गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं टीना भी हनी पर जमकर प्यार लुटाती हुई दिखाई दे रही हैं।

### ये लवर्स का सीजन है, हेटर्स का नहीं

हनी सिंह ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सभी लवर्स को हैप्पी न्यू ईयर। ये लवर्स का सीजन है, हेटर्स का नहीं।' हनी के इस वीडियो को देखने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक हनी को न्यू ईयर की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### हनी के पेरिस सॉन्ग में नजर आ चुकी हैं टीना

टीना, हनी सिंह के नए गाने पेरिस का ट्रिप में नजर आई थीं। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली के एक इवेंट में दोनों को साथ में स्पॉट किया गया था, तब से दोनों के अफेयर की चर्चा होने लगी।



हालांकि हनी ने कुछ समय बाद अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया था।

### पिछले साल मार्च में हुई थी हनी की टीना से मुलाकात

हनी सिंह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में टीना के बारे में खुलकर बात की थी। हनी ने बताया था कि वो टीना से पिछले साल मार्च में मिले थे। साथ ही उन्होंने ये भी खुलासा किया था कि टीना को अपनी लाइफ में लाने के लिए उन्हें महीनों तक टीना का पीछा करना पड़ा था। हनी ने कहा था कि वो टीना के साथ बहुत खुश हैं, जब उन्होंने टीना को देखा था तो उन्हें लगा था कि टीना उनके लिए ही बनी हैं। आपको बता दें हनी सिंह का 2021 में शालिनी तलवार से तलाक हुआ है।

# दुबई से न्यू ईयर मनाकर लौटे सिद्धार्थ-कियारा: मुंबई एयरपोर्ट पर हुए स्पॉट, अब शादी की तैयारिया शुरूं!



**बॉलीवुड** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दरअसल दोनों न्यू ईयर सेलिब्रेट करके दुबई से वापस मुंबई आए हैं। अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एयरपोर्ट पर साथ निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान कियारा पिंक टॉप और वाइट पैंट में दिखाई दीं, वहीं सिद्धार्थ ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट शर्ट में नजर आए। वो साथ में बेहद खुश दिखाई दिए। कियारा और सिद्धार्थ ने दुबई में डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, फिल्ममेकर करण जौहर और एक्ट्रेस रानी मुखर्जी के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया था। उनके इस सेलिब्रेशन की कई फोटोज भी सामने आई थीं, जिसमें कियारा के साथ मनीष और सिद्धार्थ नजर आ रहे थे। कियारा ने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में 'फेवरेट मल्होत्रा' लिखा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2023 में सिद्धार्थ और कियारा साथ फेरे ले सकते हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए शाही पैलेस चुना है। इतना ही नहीं कपल की शादी में टाइट सिक्योरिटी के इंतजाम भी किए गए हैं, प्री-वेडिंग से लेकर शादी तक सभी फंक्शन पैलेस के अंदर रखे जाएंगे।

## लॉफिंग ज़ोन

एक टीवी सेल्समैन एक गृहिणी को अपनी कंपनी के नये कलर टीवी की विशेषताएं बता रहा था. यह दिखाने के लिए कि रिमोट कंट्रोल कितना शक्तिशाली है, वह रंगीन टीवी को बैठक में छोड़कर रसोईघर में गया और वहीं से टीवी का चैनल बदलकर दिखाया.

एक माह बाद वह फिर पहुंचा और उस गृहिणी से टीवी के बारे में पूछा.

गृहिणी ने कहा, 'टीवी तो अच्छा है पर चैनल बदलने के लिए हर बार मुझे रसोईघर में जाना पड़ता है.'

☺ ☺ ☺

वकील साहब (मुजरिम से)- 'क्या यह सही है कि तुमने दस हजार रुपये के साथ-साथ गहने भी चुराए हैं?'

मुजरिम (वकील से)- हां साहब. मेरी मां का कहना है कि केवल रुपये से ही खुशी नहीं मिल सकती.'

☺ ☺ ☺

मालिक (नौकर से)- 'इन सारे मच्छरों को मार दो.'

थोड़ी देर बाद मालिक फिर गुस्से से बोला, 'तुमने इनको मारा नहीं इनकी भिनभिनाहट सुनकर मेरे कान पक गए हैं.'

नौकर (मालिक से)- साहब जी, 'मच्छरों को तो मैंने कभी का मार दिया. ये तो उनकी विधवाएं हैं जो उनकी याद में विलाप कर रही हैं.'

☺ ☺ ☺

स...स...सन्नाटेदार



## अष्टयोग - 5074

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | 5 | 2 | |
| | 32 | | 40 | | 28 | 7 |
| 4 | | 7 | | 6 | | |
| | 35 | | 37 | | 32 | 6 |
| 7 | | | 2 | 3 | | 1 |
| 2 | 30 | 1 | 28 | 4 | 29 | |
| 6 | | | 7 | | 5 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या आरी और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5073 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 25 | 2 | 32 | 4 | 34 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |

## सूडोकु नवताल- 5074

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## काकुरो पहेली - 5074



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का एक जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:


1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 5073 का हल



MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

## शब्द पहेली - 5074



### बाएँ से दाएँ

1. बड़ा साप, सर्पराज-4
4. भावना-4
7. नई वस्तु का आना-5
9. निवास, रहना, मोहल्ला-2
11. ब्याहना, चुनना-3
12. नाशशील, नश्वर, नाशक-2
13. ररकने का भाव, कराह, साल, कसक-3
15. अनुकरण, अनुकृति, हुबहु-3
16. आपत्ति निवारक, समाधान पूर्ण-7
17. निर्जन, वनस्पतिहीन-3
18. अंतिम संस्कार करता ब्राह्मण-3
20. राजा, नरेश, बादशाह-2
21. तमाचा, हानि, धक्का-3
23. स्त्री, मोटा रस्सा-2
24. अपना होने का भाव, आत्मीयता-5
26. नानी का घर-4
27. मक्खन, चंद्रमा-4

### ऊपर से नीचे

1. अप्रिय, अरोचक-4
2. जांघ-2
3. उत्तर, स्पष्टीकरण-3
4. अभ्यस्त होना-3
5. जनता, लोक-2
6. तहसीलदार की कचहरी-4
8. दण्डित करना, गर्दन पकड़ कर बाहर लाना-4,3
10. रेंगना, सर-सर की आवाज होना-5
12. मर्यादा नष्ट होना-2,3
14. धनुष, मेहराब-3
15. स्वर्ग का उलटा3
17. एक घुटना टेककर बैठना, प्रहरी का स्थान-4
19. जय-पराजय2,2
21. चंचल, अस्थिर, जल्दबाज-3
22. प्रचंड, तपने का भाव-3
24. हर्ष व विस्मय सूचक उद्गार-2
25. नया, नौ-2

### शब्द पहेली -5073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ह | ज | र | त | | न | | |
| | जा | | ह्री | | अ | र | मा | न |
| च | म | न | | अ | धि | क | | दा |
| | त | न | क | | क | | कौ | र |
| म | | द | ल | ग | त | ता | | द |
| नो | क | | म | | म | क | र | |
| र | | स | बं | ध | | ना | म | क |
| मा | या | वा | द | | का | | जा | |
| | | द | | ब | ल | वा | न | |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## शब्दजाल - 5074

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | ह | आ | ल | म | आ | रा | म |
| ग | खु | क | दू | म | जी | ने | शि | या | ड़ | द |
| ले | पी | जा | क | दि | ग | बा | द | ह | प | र |
| आ | ग | ए | रा | ल | दे | व | दा | स | लि | इं |
| ज | आ | रा | ल | दे | ब्लै | ला | कि | यो | प | डि |
| म | इ | वा | मो | चु | प | क | शी | ह | गी | या |
| न | अ | ल | रा | के | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ल | र | स | र | प्या | सा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | बे | न | न | ज | जी | व | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | म | व | शि | का | री | क्त | ल |
| बां | दो | बी | घा | ज | मी | न | स | सु | रा | ल |

शब्दजाल में दस बेहतरीन फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.


मदर इंडिया, दो बीघा जमीन, आवारा, प्यासा, वक्त, आलमआरा, मुगले आजम, देवदास, हम दिल दे चुके सनम, ब्लैक,

### शब्दजाल - 5073 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | ब | द्री | ना | थ | य | ॠ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | झ | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |

मंगल सैणचा, बेंगलोर.

## फिल्म वर्ग पहेली- 5074



### ऊपर से नीचे:-

1. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-3
2. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-3
3. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-4
4. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-3
6. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-4
10. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-3
12. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-3
15. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-3
16. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-3
18. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-3
20. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-4
22. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-3
24. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-3
28. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-2
29. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-2
30. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-2
32. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-2
33. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-2

### बायें से दायें:-

1. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-3
3. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-3
5. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-2
7. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-3
8. आफताब, उर्मिला की फिल्म-2
9. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-3
11. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-3
12. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-2
13. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-2
14. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-3
15. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-3
17. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-2
19. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-3
21. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-2
23. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-3
25. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-3
26. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-2
27. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-2
29. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-3
31. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-2,3
34. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-2
35. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली- 5073 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | सौ | दा | ग | र | |
| | र्ज | | की | म | त | | द | | माँ |
| आं | | सू | र | | न | फ | र | त | |
| दो | रा | हा | | खे | | की | | वु | |
| ल | | ग | ज | ल | | रा | जा | जा | नी |
| न | | | मी | | सं | | ल | | य |
| | गॅ | वा | र | | जो | र | | अं | त |
| को | | रि | | आ | ग | | जो | श | |
| ह | व | स | | द | | खु | शी | | लै |
| रा | | | ज | मी | न | | ला | ड | ला |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर